# शोध उत्कर्ष

# Shodh Utkarsh

**A Peer Reviewed Refereed Multidisciplinary Quarterly E- Research Journal**

**वर्ष –02 अंक –06 ISSN-2993-4648**

## अप्रैल - जून - 2024




**https://shodhutkarsh.com**


अतिथि संपादक -प्रो.अंजनी कुमार श्रीवास्तव    त्रैमासिक ऑनलाइन पत्रिका - 'शोध उत्कर्ष'

शोध उत्कर्ष Shodh Utkarsh (RESEARCH ARETE JOURNAL)

शोध उत्कर्ष Shodh Utkarsh Online Available at https:// www.shodhutkarsh.com ISSN-2993-4648

वर्ष - 02 अंक– 06 अप्रैल- जून - 2024 Impact factor– 3

# शोध उत्कर्ष
# Shodh Utkarsh

A Peer Reviewed Refereed Multidisciplinary Quarterly E- Research Journal

वर्ष-02 अंक -06 अप्रैल- जून -2024

## सलाहकार मण्डल (Advisory Board)

**Shri Jai Prakash Pandey**
Director-Department of Education And Literacy, Ministery Of Education, Govt.Of India.
**Prof. Prabha Shankar Shukla**
Vice Chancellor North Eastern Hill University (NEHU) Shillong
डॉ. कन्हैया त्रिपाठी पूर्व (OSD),महामहिम राष्ट्रपति 'भारत'
प्रो. दिनेश कुशवाह,रीवा (म.प्र.)
प्रो. राजेश कुमार गर्ग प्रयागराज (उ.प्र.)
प्रो. अनुराग मिश्रा द्वारका, नई दिल्ली
प्रो. के. एस. नेताम सीधी (म.प्र.)
डॉ.एम.जी. एच. जैदी पन्त नगर (उत्तराखण्ड)
डॉ.राजकुमार उपाध्याय 'मणि' बठिंडा (पंजाब)
डॉ. संगीता मसीह शहडोल (म.प्र.)
डॉ. अंजनी कुमार श्रीवास्तव मोतिहारी विहार
डॉ. अनिल कुमार दीक्षित,भोपाल (म.प्र.)
श्री संकर्षण मिश्रा ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड
प्रो.एम.य.सिद्दीक़ी सिंगरौली (म.प्र.)
डॉ. बी.पी. बडोला (हिमांचल प्रदेश)
डॉ.अजय चौधरी,नागपुर (महाराष्ट्र)
श्री प्रदीप कुमार- मूल्यांकक केंद्रीय हिंदी निदेशालय, नई दिल्ली
डॉ. रेणु सिन्हा,रांची- (झारखंड)
डॉ. निशा मुरलीधरन,वड़पलनी- चेन्नई
डॉ. अंजलि एस. एर्नाकुलम, (केरल)
श्री पांडुरंग एस. जाधव बेंगलुरु, (कर्नाटक)

## संपादक मंडल

प्रधान संपादक -डॉ. एन. पी. प्रजापति सह संपादक -डॉ. मंजुला चौहान
कार्यकारी संपादक -प्रो. रीनू रानी मिश्रा डॉ. संतोष कुमार सोनकर (English)
प्रो. (डॉ.) मोहन लाल 'आर्य' डॉ. उमाकांत सिंह

लेख भेजने के लिए :– Mail-ID-shodh utkasrsh@gmail.com नोट:- पत्रिका में प्रकाशित लेख / शोध आदि में विवाद की स्थिति में लेखक / शोधार्थी स्वयं जिम्मेदार होंगे. पत्रिका के बारे मे विस्तार से जानने के लिए देखें:-
Website:–http:// www.shodhutkarsh.com

प्रकाशक :-
**Radha publications**
Mail id-radhapub@gmail.com फोन -087505 51515, 9350551515 Website:-https://radhapublications.com
पता :-4231, 1, Ansari Rd, Delhi Gate, Daryaganj, New Delhi, Delhi, 110002

दलित उत्कर्ष समिति द्वारा प्रकाशित

# शोध उत्कर्ष
# Shodh Utkarsh

A Peer Reviewed Refereed Multidisciplinary Quarterly Research E-Journal

वर्ष-02 अंक -06 अप्रैल - जून -2024


## Table of Content


| S.N. Title and Name of Author(s) | Page No. |
|---|---|
| 1.सम्पादकीय | 03 |
| 2.हिंदी के श्रृंगार समन्वित भक्त कवि विद्यापति - **डॉ. बालेन्द्र सिंह यादव** | 4-9 |
| **3.**नीरा आर्य 'नागिन': एक स्वतंत्रता सेनानी - **अपर्णा भारती** & **डॉ. रूबी ज़ुत्शी** | 10-12 |
| **4.**नवीन शिक्षा नीति 2020 और जनजातीय शिक्षा -**विनोद कुमार वर्मा & डॉ. के. एस.नेताम** | 12-18 |
| **5.**अहरौरा भंडारी देवी का मंदिर : सार्वभौमीकरण की ओर - **सत्यार्थ सिंह** | 19-24 |
| **6.**The Legend of Singhasan Battisi: An Ancient Text with Mystical Powers **- Saurabh Shubham** | 25-26 |
| **7.**Effectiveness of Dietary Intervention Versus Amla Chawanprash on Anemia Among B.Sc. Nursing Students in Selected Nursing Colleges of Indore: A Comparative Study - **Neha Babru & Prof. (Dr.) Blessy Antony** | 26-31 |
| 8.किन्नरों की सामाजिक परंपराएँ एवं आधुनिक जीवन **- नितिल तिवारी & डॉ. समय लाल प्रजापति** | 31-32 |
| **9.**Empowering India: The Crucial Role of Women's Education - **Dr. Rajkumari Gola** | 33-35 |
| **10.**Effectiveness of breast massage technique on pain and breast milk volume among postnatal mothers with breast engorgement in selected hospitals - **Ms. Monika Kujur & Manjusha Bara & Dr. Linea Joseph & Prof. Dr. Blessy Antony** | 36-41 |
| **11.**वर्तमान शिक्षा प्रणाली में संवेगात्मक बुद्धि का महत्व एवं उपयोगिता - **प्रो. मोहन लाल 'आर्य'** | 42-43 |
| **12.**Population Growth and Cultural Landscape in Kanth Tehsil:A Geographical Study -**Rahul Kumar & Dr. Mohan Lal 'Arya'** | 44-46 |
| **13.**शेखर जोशी की कहानियों में साहित्यिक सामाजिक अनुशीलन - **नवीन नाथ** | 46-47 |
| 14.Assessment of Enteric Bacterial Contamination in Potable Water Samples: Methods and Implications for Public Health.-**Menat Bharatkumar Virabhai1& Dr. Devendra Kumar Namdev** | 48-51 |
| 15.सिंगरौली जिले का माड़ा वन क्षेत्र और आदिवासी जनजाति: एक अध्ययन - **डॉ. विश्वनाथ सिंह कुशराम** | 52-54 |
| 16.मन्नू भण्डारी के साहित्य में नारी जीवन - **पी.एम.आर. जयन्ती** | 55-56 |
| 17.Role of Emotional Intelligence in Student Learning **- Dr. Arun Kumar** | 57-59 |
| 18.सोशल मीडिया और फेक न्यूज का भारतीय चुनावों पर प्रभाव- **पूरन मल मीना** | 60-61 |
| 19.बालश्रम अवधारणा: एवं मानव अधिकार संरक्षण -**अनिल कुमार शर्मा & पूरन मल मीना** | 62-64 |



देश की आंन बान और शान - संसद भवन

**संपादक की कलम से .........**

शोध उत्कर्ष का यह अंक बहुरंगी है | साहित्य, इतिहास, शिक्षा, चिकित्सा और मनोविज्ञान आदि विविध विषयों के गुणवत्तापूर्ण शोध-पत्रों से अंक सुसज्जित है | ज्ञान अखंड है, किन्तु अध्ययन के लिए उसे विविध विषयों और क्षेत्रों में विभाजित करना पड़ता है | कई बार हम अपनी सीमित परिधि से बाहर नहीं निकल पाते | बहुविषयी शोध-पत्रिकाएँ हमें इस परिधि से बाहर निकालकर हमारा विस्तार करती हैं | इस अंक को इसी मानसिक विस्तार के लिए पढ़ा जाना चाहिए |

आज राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का क्रियान्वयन किया जा रहा है | इसमें बहुविषयी शिक्षा पर जोर है | विज्ञान, कला और वाणिज्य के विभाजन को दूर करते हुए विषयों के बीच की आवाजाही बढ़ाने पर ध्यान दिया जा रहा है | भारतीय ज्ञान परम्परा, भारतीय विरासत और भारतीय भाषाओं के संरक्षण की दृष्टि से कार्य किया जा रहा है | यदि इस दिशा में शोध उत्कर्ष थोड़ा भी योगदान कर सके, तो हमारा सौभाग्य होगा | इस अंक को इस दृष्टि से भी पढ़ा जाना चाहिए |

गुणवत्तापूर्ण शोध राष्ट्र के विकास के लिए आवश्यक है | इसके लिए आवश्यक है शोध अभिरुचि का विकास | शोध अभिरुचि के विकास में वैसे शोध-पत्रों और जर्नल की महत्वपूर्ण भूमिका होती है जिनका सम्बन्ध अपने आस-पास के जीवन और जगत से हो | अमूमन विश्वविद्यालयों में शोध का अपने स्थानीय क्षेत्र से कम सम्बन्ध होता है | ऐसे में पत्रिकाओं की भूमिका बढ़ जाती है | हम जितने स्थानीय होंगे उतने ही वैश्विक भी | विश्वविद्यालय, शैक्षिक संस्थान और स्थानीय जीवन-संस्कृति सबके बीच का सेतु शोध उत्कर्ष बने यही हमारा उद्देश्य है |

धन्यवाद ..........i - **प्रो. अंजनी कुमार श्रीवास्तव**

दिनांक 30/06/20 24

# हिंदी के श्रृंगार समन्वित भक्त कवि विद्यापति

**डॉ. बालेन्द्र सिंह यादव**
एसोसिएट प्रोफेसर- हिन्दी
डॉ.अंबेडकर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
ऊंचाहार-रायबरेली,मो0 न0- 9410009838

**शोध सार**-बिहार प्रांत के मधुबनी जिले के बिस्फी गांव में जन्में **विद्यापति** भारतीय साहित्य की 'शृंगार-परम्परा' के साथ-साथ 'भक्ति-परम्परा' के प्रमुख स्तंभों में से एक थे। विद्यापति के समय में बहुत सारे संप्रदाय और मत थे। कोई वैष्णव था, कोई शैव था, तो कोई शाक्त। लेकिन विद्यापति शिव, विष्णु और शक्ति तीनों की आराधना करते थे। इसलिए इन्हें वैष्णव, शैव और शाक्त भक्ति के सेतु के रूप में स्वीकार किया जाता है। विद्यापति वैसे तो मिथिला के राजा कीर्तिसिंह और शिव सिंह के दरबारी कवि थे। पर दरबार संपोषित रचनाकार होने के बावजूद उनके स्वभाव में चारण वृत्ति तनिक भी न थी। वे संस्कृत, अपभ्रंश(अवहट्ठ) और मैथिली भाषा के विद्वान थे। विद्यापति की उपलब्ध एक दर्जन से अधिक रचनाओं में कीर्तिलता, कीर्तिपताका अपभ्रंश में और पदावली मैथिली हिन्दी में लिखी मिलती है और सर्वाधिक लोकप्रिय हैं। शेष में से अधिकांश रचनाएं संस्कृत में लिखी मिलती हैं। उनको मैथिली का सर्वोपरि कवि माना जाता है। उनकी रचना **पदावली** में मध्यकालीन मैथिली भाषा के उत्कृष्ट स्वरूप के दर्शन होते हैं। उनका प्रभाव केवल मैथिली और संस्कृत साहित्य तक ही नहीं था, बल्कि अन्य पूर्वी भारत की साहित्यिक परम्पराओं तक भी था। विभिन्न भाषाओं में व्यापक ज्ञान होने के बावजूद जब कवि अपनी भाषा में लिखना पसंद करता है तो यह कवि के लचीलेपन को प्रदर्शित करता है। निम्न छंद में उनकी मान्यता स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ती है–

**सक्कअ वाणी बहुअन भावई । पाउअ रस को मम्म न पावइ ।।**
**देसिल बयना सब जन मिट्ठा। तै तैसन जम्पओ अवहट्ठा ।।**

अर्थात बहुत से लोग संस्कृत सीखने में रुचि नहीं रखते हैं। प्राकृत को आम जनता गलत समझती है। हर किसी को अपनी भाषा में बोलना अच्छा लगता है। इसलिए मैं उसी देशी शैली- अवहट्ट में लिख रहा हूँ।

**बीज शब्द-** संपोषित, अवहट्ट, देसिल, बयना, पदावली, ब्रजबुलि, गीतगोविंद, मैथिलकोकिल, शृंगारिक, भक्तिपरक, लोकोन्मुख।

**मूल आलेख**-विद्यापति हिन्दी के बड़े कवि हैं । उन्होंने संस्कृत में तो रचनाएं लिखी हीं, अवहट्ठ और मैथिली में भी लिखकर जन-जन के प्रिय बन गए। विद्यापति के समय तक मैथिली को साहित्यिक माध्यम के रूप में नियोजित नहीं किया गया था। पहली बार विद्यापति ने ही 'देसिल बयना सब जन मिट्ठा' यानी अपनी भाषा सबको प्रिय होती है कहकर सबसे पहले अपनी मातृभाषा के महत्व को समझा और फिर साहित्य को लोकभाषा से मिलाया। उन्होंने मैथिली में पदावली रचने का काम अपने समकालीन संस्कृत विद्वानों की आलोचना के बावजूद जारी रखा। देश भाषा मैथिली में रचित उनकी 'पदावली' अपनी भाषागत मिठास और राधा-कृष्ण की प्रेम लीलाओं के वर्णन के कारण केवल मिथिला प्रदेश (बिहार) में ही नहीं अपितु बंगाल, असम और ओडिशा में भी लोकप्रिय रही है। बंगाल के चैतन्य महाप्रभु और ओडिशा के रामानंद राय जैसे महान कृष्ण भक्त विद्यापति की 'पदावली' से गहरे प्रभावित थे। यानी मिथिला के लोग जहां-जहां गए उनके साथ विद्यापति के गीत और संस्कार भी गए। वैष्णव भक्तों के प्रयास से इन गीतों का प्रचार-प्रसार मथुरा-वृंदावन तक हुआ। मिथिला समेत पूरे पूर्वांचलीय प्रदेशों-बंगाल, असम एवं उड़ीसा में वैष्णव साहित्य के विकास में भाव एवं भाषा माधुर्य के कारण विद्यापति की 'पदावली' का अपूर्व योगदान रहा है।

ऐसे महाकवि के जन्म और मृत्यु के वर्षों और जन्मस्थान को लेकर लंबे समय तक विवाद और मतभेद चलता रहा है। माना जाता है कि वे शतायु थे और उनका कालखंड 1350-1450 ई. के आसपास था। वैसे भी हमारे यहाँ अक्सर महापुरुषों के जीवन-मृत्यु का काल निर्धारित करते समय दुविधा रहती है तो कवि कोकिल विद्यापति भी इसके अपवाद नहीं हैं। विद्वानों ने उनके जीवन के संबंध में पर्याप्त तर्क-वितर्क किया और अपने विचारपूर्वक खोजबीन के बाद जो रूपरेखा बनाई है वो उनकी रचनाओं में प्राप्त संकेतों और अन्य साक्ष्यों या जनश्रुतियों पर आधारित है। अवहट्ठ में लिखी उन्हीं की एक कविता की कुछ प्रारंभिक पंक्तियों के आधार पर उनका जन्म 1350 ई. (लक्ष्मण संवत 241) तय होता है। इससे अधिक प्रामाणिक कोई गणना नहीं हो सकती।

विद्यापति का जन्म उत्तरी बिहार के मिथिला क्षेत्र के वर्तमान मधुबनी जिला के विस्फी (अब बिस्फी) गाँव में एक शैव ब्राह्मण परिवार में हुआ था। उनका पूरा नाम विद्यापति ठाकुर था। वे बिसइवार वंश के विष्णु ठाकुर की आठवीं पीढ़ी की संतान थे। उनकी माता गंगा देवी और पिता गणपति ठाकुर थे। कहते हैं कि उनके माता-पिता ने कपिलेश्वर महादेव (वर्तमान मधुबनी जिला में स्थित एक तीर्थ) की घनघोर आराधना की थी, तब जाकर ऐसे पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई। विद्यापति बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि और रचनाधर्मी स्वभाव के थे। दस-बारह वर्ष की बाल्यावस्था से ही वे अपने पिता के साथ तिरहुत के शासक राजा गणेश्वर के दरबार में जाने लगे थे। साहित्यिक कौशल, पांडित्य और अन्य लक्षण विद्यापति को अपने वंश की ऐतिहासिक विरासत के रूप में प्राप्त हुए। उनके

पिता एक प्रसिद्ध पंडित, दादा जयदत्त एक योगी संत और परदादा एक मैथिल ब्राह्मण गुरु थे। इतना ही नहीं महामहोपाध्याय हरि मिश्र उनके गुरु, गुरुभाई महामहोपाध्याय पक्षधर मिश्र उनके सहपाठी, विदुषी चंदा देवी एवं विद्वान पुत्र उनके पारिवारिक जन के रूप में उन्हें प्राप्त हुए। विद्यापति ने अपने अनुकूल परिस्थितियों का पूरा लाभ प्राप्त करते हुए बहुत सारे काव्य ग्रंथ लिखे। उनकी 14 रचनाएँ उपलब्ध हैं .

**1- कीर्तिलता, 2-कीर्तिपताका, 3- पदावली, 4-लिखनावली, 5-भूपरिक्रमा, 6-गया पत्रक 7-प्रमाण भुव पुराण संग्रह, 8-पुरुष परीक्षा, 9-दुर्गाभक्तितरंगिणी, 10-दान वाक्यावली, 11-गंगावाक्यावली, 12-विभव सागर, 13-वर्ष कृत्य, 14-शैव सर्वस्व सार।**इन सभी में सर्वाधिक लोकप्रिय कीर्तिलता, कीर्तिपताका अवहट्ठ (उत्तर अपभ्रंश) में और पदावली मैथिल हिन्दी में लिखी मिलती है। बाकी सभी रचनाओं को संस्कृत भाषा में लिखा गया है।

**कीर्तिलता**-कीर्तिलता अवहट्ठ (उत्तर अपभ्रंश) भाषा में विद्यापति द्वारा 1402 ई० में लिखा एक प्रसिद्ध ऐतिहासिक चरित काव्य है। इसमें उन्होंने अपने आश्रयदाता महाराज कीर्ति सिंह के राज्याभिषेक, उनकी वीरता, उदारता, शासन करने की क्षमता, युद्ध अभियान संचालित करने की प्रतिभा आदि के बारे में काफी प्रशंसात्मक वर्णन किया है। कीर्ति सिंह के युद्ध कौशल और चारित्रिक विशेषताओं के अंकन में तो कवि की निपुणता है ही उस समय के भारत की राजनीतिक और सामाजिक वास्तविकताओं के जीवंत चित्रण करने में भी विद्यापति दक्ष हैं। कीर्तिलता में जौनपुर और उसके शासक इब्राहिम शाह शर्की के तुर्की चरित्र का भी विशद और सुन्दर चित्रण मिलता है।

**कीर्तिपताका**- कीर्तिपताका में विद्यापति ने अपने दूसरे आश्रयदाता महाराज शिव सिंह की ख्याति की विस्तृत व्याख्या की है। रचना के आरंभ में चंद्रचूड़ अर्धनारीश्वर शिव और उनके पुत्र गणेश के रूप-अर्चना की वंदना की है। तदनंतर शिव सिंह के प्रेमपूर्ण व्यवहार का बहुत विस्तार से वर्णन किया गया है। यह भाषाओं की एक विस्तृत श्रृंखला है। इसमें कई जगह ज्यादातर संस्कृत में लिखे पद भी मिलते हैं।

**पदावली**- 'पदावली' विद्यापति की सर्वाधिक लोकप्रिय रचना मानी गई। और पदावली के कारण विद्यापति हिन्दी साहित्य में सर्वाधिक प्रसिद्ध है। जयदेव के 'गीतगोविन्द' से प्रभावित विद्यापति ने 'पदावली' को मधुर और कोमल गीतों के साथ विभिन्न रागों में गाये जाने के लिए मैथिली में रचा था। मैथिली को ब्रजबुलि के नाम से भी जाना जाता है। 'पदावली' विभिन्न समय में लिखे गये मुक्तक पदों का एक संकलन है। इस कृति के माधुर्य और गेयता के कारण विद्यापति को 'अभिनव जयदेव' कहा गया है और हिन्दी गीत परम्परा में पदावली को विशेष स्थान प्रदान किया गया है। इसकी हस्तलिखित प्रतियां नेपाल दरबार के पुस्तकालय में संरक्षित हैं। इसके कई संस्करण निकले हैं जिसमें पदों की संख्या हर जगह एक समान नहीं है। नगेन्द्रनाथ गुप्त के संकलन में पदों की सबसे अधिक संख्या 245 है।

"विद्यापति के पदों की मधुरता और योग्यता के गुणों को अद्वितीय मानते हुए अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध' ने लिखा है कि "गीत गोविन्द के रचनाकार जयदेव की मधुर पदावली पढ़कर जैसा अनुभव होता है, वैसा ही अनुभव विद्यापति की पदावली पढ़ कर होता है। अपनी कोकिल कंठता के कारण ही उन्हें 'मैथिल कोकिल' कहा जाता है।"[1]

विद्यापति का युग मिथिला सहित पूरे भारतवर्ष के लिए राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक दृष्टि से उथल -पुथल से भरा था। दिल्ली से लेकर बंगाल तक की यात्रा में आक्रमणकारियों और आक्रांताओं के जय-पराजय की अपनी अपनी स्थिति थी। आक्रमण को जाते हुए उत्साह में और लौटते समय पराजय की हताशा में सैनिक कहाँ - कितना - किसको आहत करते थे, उन्हें खुद भी पता नहीं होता था। पर उसकी दहशत सामान्य नागरिक के मन पर सदैव विद्यमान रहती और वो कभी व्यवस्थित नहीं रह पाते थे। सिलसिलेवार आक्रमणों के इस बर्बर समय में बड़े कौशलपूर्ण ढंग से सामाजिक दायित्व निभाने की जरूरत थी। इतिहास साक्षी है कि हर काल के बुद्धिजीवी अपने समकालीन समाज और शासन को दिग्दर्शित करते आए हैं। विद्यापति ने भी सौंदर्य और प्रेम को अपने रचना-विधान का मुख्य विषय बनाकर प्रत्यक्ष परिस्थितियों में स्पष्टतः उपस्थिति लोक जीवन की हताशा को दूर करने का काम किया। "विद्यापति की 'पदावली' ने प्रेम, भक्ति और नीति के सहारे बड़ा काम किया। पदलालित्य, माधुर्य, भाषा की सहजता, मोहक गेयधर्मिता से मुग्ध होकर समकालीन और अनुवर्ती साहित्य-कला प्रेमी एवं भक्तजन भाषा, भूगोल, संप्रदाय, मान्यता, जाति-धर्म के बंधन तोड़कर विद्यापति के पद गाने लगे थे।"[2] विद्यापति कर्म, धर्म, दर्शन, न्याय, सौंदर्य, संगीत आदि शास्त्रों के प्रकांड पंडित थे। संस्कृत, अवहट्ठ और मैथिली- तीन भाषाओं में रचित उनकी रचनाएँ इस बात की गवाह हैं कि विद्यापति शास्त्र और लोक के संपूर्ण विस्तार पर अपना असाधारण अधिकार रखते थे। विद्यापति जहाँ एक ओर ओय बार वंश के कई राजाओं की शासकीय रीति-नीति देखकर अनुभव संपन्न हुए थे, तो वहीं दूसरी ओर समकालीन सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक परिस्थितियों के बीच पनप रहे लोक-वृत्त के सूक्ष्म मनोभावों को भी अनुरागमय दृष्टि से परख रहे थे। भक्ति रचना, शृंगारिक रचनाओं में मिलन-विरह के सूक्ष्म मनोभाव, रति-अभिसार के विशद चित्रण, कृतित्व-वर्णन से राज पुरुषों का उत्साह वर्धन और नीति शास्त्रों द्वारा उन्हें कर्तव्य बोध देना, सामान्य जन जीवन के आहार-व्यवहार की पद्धतियाँ बताना आदि हर क्षेत्र की समीचीन जानकारियां उनकी कालजयी रचनाओं में दर्ज हैं। वे अपने मन के गौरव को जागृत करते हुए आश्रयदाता राजा कीर्ति सिंह को उनकी विपन्नता में स्वाभिमान का आश्वासन देते हुए दिखते हैं–

**मान बिहना भोअना सत्तुक देएले राज।**
**सरन पइट्ठे जीअना तीनू कायर काज।।**

महाकवि विद्यापति का अवसान 1439 ई. के कार्तिक धवल त्रयोदशी को हुआ। इस दिन देश भर में विद्यापति पर्व मनाया जाता है। विद्यापति के अवसान को लेकर प्रचलित किंवदंतियों में सुना जाता है कि उनकी चिता पर अकस्मात शिवलिंग प्रकट हो गया। पहले वहाँ पर छोटा-सा शिव मंदिर हुआ करता था जिसको बाद के दिनों में बालेश्वर नाथ नाम से बड़ा मंदिर में परिवर्तित कर दिया गया। माना जाता है कि बड़े से मन्दिर का निर्माण बालेश्वर चौधरी नामक किसी जमींदार ने किया था। वहाँ फागुन महीने में आज भी मेला लगता है। एक किंवदंती में यह भी सुना जाता है कि बी.एन.डब्ल्यू रेल पटरी का प्रारंभिक नक्शा विद्यापति की चिता से होकर गुजर रहा था। रेल पथ निर्माण हेतु जब वहाँ के पेड़ों की डालें काटी जाने लगीं तो टहनियों से खून निकलने लगा और रेल-निर्माण के इंजीनियर घनघोर रूप से बीमार पड़ने लगे। फिर वहाँ रेल पथ को टेढ़ा किया गया।

**विद्यापति के काव्य में शृंगार प्रेम और भक्ति प्रेम-**

विद्यापति के काव्य को समझने के लिए तत्कालीन काव्य की मर्यादाओं को समझना जरूरी है। शृंगार और भक्ति दोनों ही मध्यकालीन साहित्य की अत्यंत प्रमुख प्रवृत्तियाँ हैं। इन दोनों ही प्रवृत्तियों के प्रति हमने कुछ धारणाएँ बद्धमूल कर ली हैं जिनके आधार पर यदि विद्यापति के काव्य संसार को बाँटकर देखें तो पदावली के राधा-कृष्ण विषयक ज्यादातर गीत शृंगारिक हैं। पर शिव स्तुति, गंगा स्तुति, काली वंदना, कृष्ण प्रार्थना आदि गीतों में प्रमुखता से भक्ति भाव है। विद्यापति के यहां न तो भक्तिकालीन कवियों की तरह स्पष्ट एकेश्वरवाद दिखेगा और न ही रीतिकालीन शृंगारिक कवियों की तरह लोलुप भोगवाद। विद्यापति की 'पदावली' में तो भक्ति और श्रृंगार का ऐसा घुला-मिला रूप नजर आता है कि उनके बीच की विभाजक रेखा को समझना थोड़ा कठिन है। विद्यापति के यहाँ जब-तब भक्तिपरक पदों में श्रृंगार और भक्ति का संघर्ष भी परिलक्षित होता है। उनका एक पद जो घोर शृंगारिक है- 'कि कहब हे सखि आनंद ओर, चिर दिने माधव मंदिर मोर...' (हे सखि, बहुत दिनों बाद माधव मुझे अपने कक्ष में मिले, मैं अपने उस आनंद की कथा तुम्हें क्या सुनाऊँ!)। को गाते-गाते चैतन्य महाप्रभु इस तरह विभोर हो जाते थे कि उन्हें मूर्छा आ जाती थी। डॉ बच्चन सिंह ने लिखा है कि “विद्यापति कीर्तिलता में सामाजिक और साहित्यिक परंपरा का समर्थन करते हैं तो पदावली में राधा–कृष्ण के मादक, मांसल और मुक्त शृंगार चित्रों के द्वारा उसे तोड़ते हैं। राधा–कृष्ण के नाम पर सामाजिक मर्यादाओं की तोड़–फोड़ को ठीक न मानकर बहुत से लोगों ने उन्हें भक्त कवि कह डाला है।”[3]

**विद्यापति के काव्य में शृंगार-** गौरतलब है कि पूरे भारतीय वाङ्मय में राधा-कृष्ण की उपस्थिति पौराणिक गरिमा और विष्णु के अवतार- कृष्ण की अलौकिक शक्ति एवं लीला के साथ हैं। विद्यापति के राधा-कृष्ण अलौकिक नहीं हैं, पूरी तरह लौकिक हैं, उनके प्रेम-व्यापार के सारे प्रसंग सामान्य नागरिक की तरह हैं। विद्यापति शृंगार और प्रेम के अमर गायक हैं। उनकी 'पदावली' अत्यंत प्रसिद्ध है। यह भक्तिपरक रचना है या शृंगारपरक, इसे लेकर विद्वान विभिन्न वर्गों में विभक्त हैं। उनकी 'पदावली' में राधा-कृष्ण की लीलाओं का वर्णन है। जिनके आधार पर श्यामसुन्दर दास ने विद्यापति को हिन्दी के पहले वैष्णव कृष्ण भक्त कवि माना है। जार्ज ग्रियर्सन की दृष्टि में भी विद्यापति महान भक्त कवि थे। शिव, पार्वती, गंगा, दुर्गा और श्रीकृष्ण के स्तुतिपरक पदों के आधार पर आकलन करें तो विद्यापति को भक्त कवि कहा जा सकता है, क्योंकि ऐसे पदों में एक भक्त कवि की सौम्यता और उदात्तता है, जबकि पदावली के शृंगारिक पदों में उच्छृंखलता है। पदावली में राधा-कृष्ण की भक्ति भाव की अपेक्षा उनके मांसल, मादक तथा मुक्त श्रृंगार के प्रसंग अधिक हैं। और इन्हीं प्रसंगों को देख कर रामचन्द्र शुक्ल विद्यापति को कृष्ण भक्ति परम्परा में नहीं मानते। वे व्यंग्यपूर्वक कहते हैं कि ''आध्यात्मिक रंग के चश्मे आजकल बहुत सस्ते हो गए हैं, उन्हें चढ़ाकर जैसे कुछ लोगों ने 'गीत गोबिन्द' को आध्यात्मिक संकेत बताया है, वैसे ही विद्यापति के इन पदों को भी।''[4] कवि निराला ने पदावली की मादकता को 'नागिन की लहर' कह दिया। किन्तु डॉ0 बच्चन सिंह ने 'पदावली' को देशभाषा में प्रथम रचना मानते हुए विद्यापति को हिन्दी का पहला कवि माना है। डॉ. बच्चन सिंह के शब्दों में- "विद्यापति की कविता का स्थापत्य श्रृंगारिक हैं, उसे आध्यात्मिक कहना खजुराहो के मन्दिर को आध्यात्मिक कहना है, उनके श्रृंगार में यौवनोन्माद का शारीरिक आमंत्रण है, सम्भोग का सुख है, विलास की विह्वलता, वियोग में स्मृतियों का संबल और भावुकतापूर्ण तन्मयता है।''[5] विद्यापति ने अपने दूसरे संरक्षक देव सिंह के उत्तराधिकारी शिव सिंह के साथ घनिष्ठ मित्रता की और राधा-कृष्ण संबंधी प्रेम गीतों की रचना करने पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने मुख्य रूप से 1380 से 1406 के बीच लगभग पांच सौ शृंगारिक प्रेम गीत लिखे। पर अपने प्रिय सखा राजा शिव सिंह के तिरोधान (1406 ई.) के बाद उन्होंने कोई शृंगारिक पद नहीं रचा और फिर जिन गीतों/पदों की रचना की, वे शिव, विष्णु, दुर्गा और गंगा की भक्ति पूर्ण स्तुति से या फिर धर्म, समाज, प्रकृति, रीति, नीति, संगीति आदि जीवन-मूल्यों को रेखांकित करने वाले विचारों से संबंधित गीत/पद थे। 'पदावली' के शृंगारिक पदों में वयःसंधि, नायिका-भेद, नख-शिख वर्णन, मिलन-अभिसार, मान-मनुहार, संयोग-वियोग, विरह-प्रवास आदि का विलक्षण चित्र उकेरा गया है। ऐसे पदों की संख्या साढ़े सात सौ से अधिक है। भक्ति-प्रधान पदों में शिव -पार्वती लीला, नचारी, राम-वंदना, कृष्ण-वंदना, दुर्गा, काली, भैरवि, भवानी, जानकी, गंगा वंदना आदि को शामिल किया गया है। इनकी संख्या लगभग अस्सी हैं। इसके अलावा शेष पदों में ऋतु-वर्णन, बेमेल विवाह, सामाजिक जीवन-प्रसंग, रीति -नीति-संभाषण-शिक्षा आदि रेखांकित है। विद्यापति के लिए सौंदर्य और प्रेम निरूपण सबसे बड़ा धर्म और कर्म था। वे 'पदावली' के लगभग सभी पदों में सौंदर्य और प्रेम के

शिखरस्थ स्वरूप को रेखांकित करते हुए जीवन-मूल्य का संदेश देते प्रतीत होते हैं। नागरिक मन से हताशा मिटाने और राजाओं, सुलतानों के हृदय में मानवीय कोमलता भरने का इससे बेहतर उपाय संभवत उस दौर में और कुछ नहीं हो सकता था। वे एक रसज्ञ और रस भोक्ता के रूप में किसी न किसी राजा, सुलतान की दुहाई देते या नायक-नायिका को प्रबोधन-उपदेश देते हैं। पूरी 'पदावली' में प्रेम-व्यापार के हर उपक्रम- विभाव, अनुभाव, दर्शन, श्रवण, अनुरक्ति, संभाषण, स्मरण, अभिसार, विरह, सुरति वेदना, मिलन, उल्लास, सुरति-चर्चा, -बाधा, आशा-निराशा या फिर सौंदर्य-वर्णन के हर स्वरूप- नायिका भेद, वयःसंघि, सद्यःस्नाता, कामदग्धा, नवयौवना, प्रगल्भा, आरूढ़ा, स्वकीया, परकीया आदि को रेखांकित करते हुए विद्यापति सतत तटस्थ ही दिखते हैं। सौंदर्य उनके लिए अपरूप रूप है जो प्रत्येक क्षण स्वयं में नूतन रहते हुए मनुष्य के मन में पुलक, प्राणों में शक्ति और शरीर में रोमांच भर देता है–

**सखि कि पूछसि अनुभव मोए।**
**से हो पिरित अनुराग बखानिए ।।**
**तिल तिल नूतन होए।**
**जनम अवधि हम रूप निहारल।।**
**नयन न तिरपति भेल।**

पूरी 'पदावली' में प्रेम और सौंदर्य वर्णन के किसी भी बिंदु पर विद्यापति आत्मलीन दिखाई नहीं देते। ऐसा लगता है कि वे भगवत गीता के उपदेशक कृष्ण की भाँति अपनी 'पदावली' में अपने नायक-नायिका के मनोभावों को बिना लिप्त हुए रेखांकित कर निर्लिप्तता का संदेश देते हैं। एक डूबे हुए काव्य रसिक के इस समर्पण में ऐसी जीवनानुभूति है कि कहीं भक्ति, श्रृंगार पर और ज्यादातर जगहों पर श्रृंगार, भक्ति पर चढ़ता नजर आता है। माधव की प्रार्थना 'तोहि जनमि पुनु तोहि समाओत, सागर लहरि समाना' में भक्ति और श्रृंगार के इस सघन भाव को समझा जा सकता है। "उत्स में विलीन हो जाने का यह एकात्म (आत्मा और परमात्मा की यह एकात्मता) उनके यहां शृंगारिक पदों में बड़ी आसानी से मिलती है। अपने प्रेम-इष्ट के प्रति उपासिका का समर्पण इसी तरह का भक्तिपूर्ण समर्पण है। उनके यहाँ भक्ति और श्रृंगार की धाराएँ कई-कई दिशाओं में फूटकर उनके जीवनानुभव को फैलाती हैं और कवि के विराट अनुभव संसार को दर्शाती हैं।"[6]विद्यापति ने पदावली में कृष्ण के कामी स्वरूप को चित्रित किया गया है। यहां कृष्ण जिस रूप में चित्रित हैं वैसा चित्रण करने का दुस्साहस कोई भक्त कवि नहीं कर सकता। इसके इलावा राधा जी का भी चित्रण मुग्धा नायिका के रूप मे किया गया है। आम नागरिक की तरह उनकी नायिका विरह में व्यथित-व्याकुल होती है और नायक का स्मरण करती है, उन्हें पाने का उद्यम करती है, किसी तरह की अलौकिकता उनके प्रेम को छूती तक नहीं। उन्हें चंदन-लेप भी विष-बाण की तरह दाहक लगता है, गहने बोझ लगते हैं, सपने में भी कृष्ण दर्शन नहीं देते, उन्हें अपने जीने की स्थिति शेष नहीं दीखती। अंत में कवि नायिका को गुणवत्ती बताकर मिलन की सांत्वना के साथ प्रबोधन देते हैं। मिलन की स्थिति में प्रेमातुर नायिका सभी प्रकार से सुखानुभव लेती है। भावोल्लास से भरी नायिका अपने प्रियतम की उपस्थिति का सुख अलग-अलग इंद्रियों से प्राप्त कर रही है- रूप निहारती है, बोल सुनती है, वसंत की मादक गंध पाती है, यत्न पूर्वक क्रीड़ा-सुख में लीन होती है, रसिकजन के रसभोग का अनुमान करती है। अतिशय श्रृंगार का एक वर्णन विद्यापति की पदावली से देखिए-

**लीलाकमल भमर धरु वारि।**
**चमकि चलिल गोरि-चकित निहारि।**
**ले भेल बेकत पयोधर सोम। कनक-कनक हेरि काहिन लोभ।**
**आध भुकाएल, बाघ उदास। केचे-कुंभे कहि गेल अप्प आस।**

जयदेव और विद्यापति ने जो चित्र अपनी रचनाओं में प्रस्तुत किया है वह महाभारतकालीन धर्मस्थापना वाले श्रीकृष्ण से नितान्त भिन्न है। महाभारत में राधा जहां श्रीकृष्ण की प्रेरक शक्ति के रूप में दिखाई देतीं हैं, वहीं पदावली में विद्यापति ने कृष्ण की उद्दाम कामवासनाओं से प्रेरित राधा का रूप देखने को मिलता है। [11] विद्यापति ने नारी का नख-शिख वर्णन अपनी कविता में किया है, तथा मूलतः शृंगार रस का प्रयोग किया हैं। इससे स्पष्ट हो जाता है कि उनकी शृंगारी मनोवृत्ति थी। अतः उनसे भक्त जैसे काव्य-व्यवहार की अपेक्षा करनाकदाचिद् एक तरह का उनसे अन्याय ही है। उन पर गीतगोविन्द के रचनाकार जयदेव का प्रभाव है। [10] विद्यापति ने जयदेव की गीत गोविंद की परंपरा में राधा-कृष्ण विषयक प्रेम और सौंदर्य का श्रृंगारिक वर्णन किया है। फिर भी विद्यापति के गीत जयदेव के गीतगोविंद से अलग और मौलिक हैं। उनकी मौलिकता इस बात में है कि वे जयदेव की तरह राधा–कृष्ण का आश्रय लेकर भी लोकोन्मुख हो सके हैं। जयदेव ने कृष्ण के दृष्टिकोण से लिखा जबकि विद्यापति ने राधा के दृष्टिकोण से। विद्यापति के गीत एक दूसरे से स्वतंत्र होते हुए भी राधा-कृष्ण के रूप में एक युगल के अलगाव और पुनर्मिलन की अति-महत्वपूर्ण कहानी बताते हैं। "एक युवा लड़की के रूप में , उसका धीरे-धीरे जागता हुआ यौवन, उसका शारीरिक आकर्षण, उसका शर्मीलापन, संदेह और झिझक, उसकी भोली मासूमियत, प्यार की उसकी ज़रूरत, उत्साह के प्रति उसका समर्पण, उपेक्षित होने पर उसकी पूरी पीड़ा - इन सभी का वर्णन किया गया है एक महिला की बात और अतुलनीय कोमलता के साथ।"[8]

**विद्यापति के काव्य में भक्ति-**वैसे तो अभी भी कुछ लोग मिल जाएंगे जो भक्ति और प्रेम को दो दिशाओं का व्यापार मानते हैं। वे सोचते हैं कि जब तक मनुष्य को ज्ञान नहीं होता, युवावस्था के उन्माद में वह स्त्री के रूप जाल में मोहवश फँसा रहता है, भोग में लिप्त रहता है; जब आँखें खुलती हैं, ज्ञान चक्षु खुलते हैं, तब वह भक्ति-भाव से ईश्वर की ओर मुड़ता है। पर ऐसा सोचना सर्वथा उचित नहीं है। भक्ति और श्रृंगार- भले ही दो भाव हों, पर वास्तविक अर्थों में दोनों का मर्म एवं प्रस्थान बिंदु एक ही है। दोनों ही भाव व्यक्ति के मन में प्रेम से शुरू

हैं और दोनों ही में समर्पण भाव रहता है, स्वीकार भाव रहता है। यानी दोनों का मूल– अनुराग और समर्पण है। प्रेम में प्रेमिका, प्रेमी के प्रति या प्रेमी प्रेमिका के प्रति समर्पित होते हैं, ठीक इसी तरह भक्ति में भक्त, भगवान के प्रति समर्पित होते हैं। मीराबाई की काव्य साधना का उदाहरण हमारे सामने है, उन्हें कृष्ण की प्रिया मानें अथवा कृष्ण की भक्त, संशय हर स्थिति में मौजूद रहेगा। कुछ समालोचक ऐसे हैं जो विद्यापति के श्रृंगारिक पदों की ओर ध्यान दिए बगैर ही उनके प्रार्थना सम्बन्धी पदों के आधार पर ही उन्हें भक्त कवि मान लेते हैं। यह सत्य है कि उन के कुछ भक्ति परक पद हैं परन्तु श्रृंगार परक रचना अधिक है यहाँ तक कि भक्ति परक पदों में भी श्रृंगार का अतिशय वर्णन किया गया है। कुछ आलोचकों का कहना है कि विद्यापति ने पदावली की रचना वैष्णव साहित्य के रूप में की है। गीतगोविन्द की भाँति उनकी पदावली में राधा-कृष्ण की प्रेममयी मूर्ति की झांकी दृष्टिगोचर होती है। उन्होंने अपने इष्ट की उपासना सामाजिक रूप में की है। इस दृष्टिकोण से उन्होंने विद्यापति के उन पदों को उद्धृत किया है जो विद्यापति ने राधा, कृष्ण, गणेश, शिव आदि की वन्दना के लिए लिखे हैं। राधा की वन्दना-विषयक एक पद देखिए-

**देखदेख राधा-रूप अपार। अपुरुष के बिहि आनि मिला ओल।**
**खिति-बल लावनि-सार। अंगहि अंग अनंग मुरछायत,**
**हेरए पडए अधीर।**

विद्यापति के नख-शिख वर्णनों के कारण कुछ लोगों को उनकी भक्ति-भावना पर ही शक होने लगता है। पर महाकवि 'अमृत तेजि किए हलाहल पीउल' कहकर स्वयं श्रृंगार और भक्ति के सारे द्वैध को खत्म कर देते हैं। अपने शृंगारिक गीतों में सौंदर्य, समर्पण, रमण, विलास, विरह, मिलन के इतने पक्षों में तल्लीन 'की यौवन पिय दूरे' के कवि विद्यापति, भक्तिपरक गीतों में एकदम से विनीत हो जाते हैं। पूर्व में किए गए रमण-विलास को सर्वथा निरर्थक बताते हुए 'तोहे भजब कोन बेला' कहकर पछताते हैं; 'तातल सैकत वारि बिंदु सम सुत्त मित रमणि समाजे' कह देते हैं। शृंगारिक गीतों की नायिका के मनोवेग को जीवन देने वाले विद्यापति उस "रमणि' को तप्त बालू पर पानी की बूँद के समान कहकर भगवान के शरणागत होते हैं। यहाँ कवि की शालीनता स्पष्ट दिखती है। दो काल खंडों और दो मन स्थितियों में एक ही रचनाकार द्वारा रचना धर्म का यह फर्क कवि का पश्चाताप नहीं, उनकी तल्लीनता प्रदर्शित करता है कि वह जहाँ कहीं है, मुकम्मल है। जितना सांस्कृतिक जागरण के पुरोधा पुरुष का व्यक्तित्व प्रखर होता है, उतना ही उनका समन्वयवादी स्वरूप भी बहुत समादृत है। उस समय भारत में विशिष्टाद्वैत मत के प्रभाव से विष्णु-लक्ष्मी, कृष्ण-राधा आदि युगल मूर्ति की उपासना होने लगी थी तब विद्यापति ने भी गौरी-शंकर की युगलमूर्ति को अपना इष्ट देव बनाया–

**लोढबे कुसुम तोड़ब बेल पात। पूजब सदा शिव गौरी के सात।।**

**विद्यापति के काव्य में लोक जीवन**-सामाजिक समरसता के प्रतीक और बहुभाषा विज्ञ महाकवि विद्यापति का रचना-बहुआयामी था। जीवन व्यवहार के हर पहलू पर उनकी दृष्टि सावधान रहती थी। दरबार-संपोषित होने के बावजूद उनका एक भी रचनात्मक उद्यम कहीं चारण-धर्म में लिप्त नहीं हुआ। उन्होंने अपनी लगभग हर रचना से समकालीन चिंतक, सामाजिक अभिकर्ता और राजकीय सलाहकार की प्रखर नैतिकता का निर्वाह किया। उनकी लेखनी में केवल श्रृंगार और भक्ति रस ही नहीं अपितु जीवन का मर्म और सार भी मिलता है। "जिस तरह कौटिल्य के 'अर्थशास्त्र' और मार्क्स ने 'दास कैपिटल' लिखा, उसी तरह विद्यापति ने 'पुरुष परीक्षा' लिखी। इसमें लोक को बताया कि पुरुष या मनुष्य कैसा होना चाहिए? उसकी कसौटी निर्धारित की। 'लिखनावली' में उन्होंने बताया कि देश का शासन तंत्र कैसा होना चाहिए? राजा को कैसा होना चाहिए? उन्होंने उस काल में मणिमंजरा और गोरक्षविजय जैसे बेहतरीन नाटकों की भी रचना कर एहसास कराते हैं कि वे अच्छे नाटककार भी थे।"[९]लोक जीवन की व्यावहारिकता, लालित्यपूर्ण अर्थोत्कर्ष तथा चमत्कारिक सांगीतिकता से भरे विद्यापति के पद आम जन जीवन में अत्यंत लोकप्रिय हुए। उनकी पदावली में व्यक्ति के सामाजिक जीवन-यापन के अनेक प्रकरण- जन्म, नामकरण, मुंडन, उपनयन, विवाह, पूजा-पाठ, लोकोत्सव आदि उपलब्ध हैं। आज भी मैथिल जन जीवन का कोई उत्सव विद्यापति के गीत के बिना संपन्न नहीं होता। उनके यहां स्त्री संबंधी कई विरोधाभासी चीजें भी मिलती हैं। वे एक तरफ स्त्री की विवशता और पराधीनता को रेखांकित करते हैं तो दूसरी तरफ स्त्री को भोग्या बताते हैं। स्त्री के पक्ष में स्वयं को खड़ा नजर न पाते हुए भी विद्यापति ने अपने समय के रूढ़ि जर्जर समाज की स्त्री विरोधी परंपराओं को सामने रख अनेक जगहों पर स्त्री मन को छुआ है। अपने एक पद में जब वे बच्चे से ब्याही गई एक युवा स्त्री की पीड़ा को भी व्यक्त करते हैं तो बेहद प्रासंगिक और अर्थपूर्ण लगते हैं।

**विद्यापति के काव्य का भाषा सौंदर्य**-भाषिक संरचना के गुणसूत्रों से परिचित विद्वान इस बात से सहमत होंगे कि रचनाकार से मुक्त हुई गेयधर्मी रचना लोक-कंठ में वास करती हुई जाने अनजाने अपने मूल स्वरूप से कुछ-न-कुछ भिन्न हो जाती है। लोक-कंठ से संकलित सामग्री का तो यह अनिवार्य विधान है कि संकलन तक आते-आते उस रचना में स्थानीयता के कई अपरिहार्य रंग चढ़ जाते हैं। विद्यापति की 'पदावली' भी इसका अपवाद नहीं है। चौदहवीं से बीसवीं शताब्दी तक के छह सौ वर्षों की यात्रा में इन पदों में कब, कहाँ और किसके कौशल से क्या जुड़ा, क्या छूटा, यह जान पाना मुश्किल है। मतलब रचनाकाल की निश्चित जानकारी उपलब्ध न होने के बावजूद कहा जा सकता है कि विद्यापति के पद एक लंबे समय-फलक में रचित है। अपने आश्रयदाता शिव सिंह के तिरोधान के बाद विद्यापति अनेक वर्षों तक सांस्कृतिक रूप से समृद्ध नेपाल के एक तराईक्षेत्र राजबनौली में रहकर भी रचना कर्म किया। यही कारण है कि उनकी रचनाओं विशेषकर 'पदावली' के पदों का

संकलन तीन भिन्न-भिन्न भाषिक समाज– मिथिला, बंगाल और नेपाल के लिखित एवं मौखिक स्रोतों से प्राप्त हुआ है। इसके अलावा एक तथ्य यह भी है कि इन पदों के प्रारंभिक संकलनकर्ताओं की मातृ भाषा मैथिली नहीं थी। "इसलिए ध्वनियों, शब्दों, पदों और संदर्भ-संकेतों को लिखित रूप में व्यक्त करते हुए निश्चय ही परिवर्तन आ गया होगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार उनके पदों की संख्या लगभग नौ सौ हैं। स्पष्ट है कि विद्यापति के जीते जी 'पदावली' की पंक्तियाँ मुहावरों और कहावतों की श्रेणी पा गई थीं।"[10] विद्यापति के सभी पद मात्रिक सम छंद में रचित हैं। उल्लेखनीय है कि उल्लास, नाग, रंजनी, गीता छंद के निर्माता विद्यापति ही हैं, क्योंकि उनसे पूर्व के किसी रचनाकार के यहाँ ये चारों छंद नहीं दिखते। उनके अधिकांश पदों की रचना एक ही छंद में हुई है, पर कई पदों में मिश्रित छंद का भी उपयोग हुआ है। मतलब दो-तीन या अधिक छंदों के चरणों का मेल किया गया है। अहीर, लीला, महानुभाव, चंडिका, हाकलि, चौपाई, चौबोला, सुखदा, उल्लास, रूप माला, नाग, सरसी, सार, माधवी, झुलना आदि का स्वतंत्र प्रयोग किया है तो अखंड, निधि, शशिवदना, मनोरम, कज्जल, रजनी, गीता, विष्णुपद, हरिगीतिका, ताटंक, वीर, सवैया आदि छंदों के चरणों को अन्य छंदों में जोड़कर किया गया है।

विद्यापति ने मिथिला के लोगों को 'देसिल बयना सब जन मिट्ठा' का सूत्र दे कर उत्तरी-बिहार में लोकभाषा की जनचेतना को जीवित करने का महान् प्रयास किया है। मिथिलांचल के लोकव्यवहार में प्रयोग किये जानेवाले गीतों में आज भी विद्यापति की शृंगार और भक्ति-रस में पगी रचनाएँ जीवित हैं। मैथिल कवि और लेखक अजीत आजाद कहते हैं कि "भारत में कभी सात हजार से अधिक भाषाएं थीं जो अब सिमट कर 400 तक आ गई हैं। क्षेत्रीय भाषाओं को प्रतीक पुरुष की जरूरत थी, विद्यापति उसके ही ध्वजवाहक हैं। वे मिथिला संस्कृति में लोक देवता की तरह है। यही कारण है कि उनके मृत्यु दिवस यानी बरसी पर देश भर में विद्यापति पर्व मनाया जाता है।"[11]

विद्यापति के पदों की लोकप्रियता में उनकी अपनी सांगीतिकता एवं जीवनोपयोगिता के अलावा लोक-रंजक भाषा की भी उल्लेखनीय भूमिका है। उनकी 'पदावली' के एक-एक पद कई-कई रागों में गाए जाते हैं। अपनी रचनाशीलता में योजनाबद्ध ढंग से आगे बढ़ रहे विद्यापति को अपने उद्देश्य की प्राप्ति हेतु अभिव्यक्ति के सभी अवयवों के साथ-साथ विलक्षण रूप से संपन्न भाषा पर भी पूर्ण अधिकार था। मैथिली की मर्मज्ञ डॉ. अरुणा चौधरी विद्यापति की प्रासंगिकता के सवाल पर कहती हैं कि "विद्यापति की भाषा सहज और सरल होने के साथ-साथ आम आदमी के लिए गेयधर्मिता वाली है। इसमें राग-लय-ताल सब है। उनका लिखा गीत 'जय-जय भैरवि असुर भयाउनी' के बिना शायद ही मिथिला का कोई आयोजन, कोई समारोह होता है। आज भी मिथिला में देवी वंदना हो, शादी-विवाह हो, पर्व-त्यौहार हो, मधुश्रावणी हो, विद्यापति के गीत ही जुबान पर होते हैं।"[12]

**निष्कर्षत:**-विद्यापति के अनेक पदों से यह स्पष्ट है कि विद्यापति वास्तव में कोई वैष्णव नहीं थे, केवल परम्परा के अनुसार ही उन्होंने ग्रंथ के आरम्भ में गणेश आदि की वन्दना की हैं। उनके पदों को भी दो भागों में बांट सकते हैं। 1-राधाकृष्ण विषयक, 2 शिवगौरी सम्बन्धी। राधा कृष्ण सम्बन्धी पदों में भक्ति-भावना की उदात्तता एवं गम्भीरता का अभाव हैं तथा राधा कृष्ण विषयक पदों में विद्यापति ने लौकिक प्रेम का ही वर्णन किया है। राधा और कृष्ण साधारण स्त्रीपुरुष की ही तरह परस्पर प्रेम करते प्रतीत होते हैं तथा भक्ति की मात्रा न के बराबर है। इस तरह कहा जा सकता है कि विद्यापति शृंगारी कवि हैं उनके पदों में माधुर्य पग पग पर देखा जा सकता हैं। उन्होंने राधाकृष्ण के नामों का प्रयोग आराधना के लिए नहीं किया है अपितु साधारण नायक के रूप मे पेश किया है तथा विद्यापति का लक्ष्य पदावली में श्रृंगार निरूपण करना है। कवि के काव्य का मूल स्थायी भाव श्रृंगार ही है। धार्मिकता, दार्शनिकता या आध्यात्मिकता को खोजना असम्भव है। शिव-गौरी सम्बन्धी पदों में वासना का रंग नहीं है तथा इन्हें भक्ति की कोटि में रखा जा सकता है। [12]

******************

**संदर्भ सूची**

1. डॉ0 नगेन्द्र, हिन्दी साहित्य का इतिहास, पृ0-72
2. डॉ0 नगेन्द्र, हिन्दी साहित्य का इतिहास, पृ072
3. इग्नू mhd-1 इकाई ३ का ३.२ विद्यापति का युग
4. शिवदान सिंह चौहान, हिन्दी साहित्य के अस्सी वर्ष पृ0-67
5. डॉ0 बच्चन सिंह, आधुनिक हिन्दी साहित्य, पृ0-76
6. डॉ0 हरीश चन्द्र वर्मा, हिन्दी साहित्य का आदिकाल, पृ042
7. डॉ0 भोला नाथ तिवारी, हिन्दी साहित्य, पृ036
8. डॉ0 नगेन्द्र हिन्दी साहित्य का इतिहास पृ0112
9. डॉ0 गणपति चन्द्र गुप्त, हिन्दी साहित्य का वैज्ञानिक इतिहास, पृ080
10. डॉ0 राम खिलावन पाण्डे, हिन्दी साहित्य का नया इतिहास, पृ034
11. विद्यापति-पदावली, प्रथम भाग, सं० शशिनाथ झा एवं दिनेश्वरलाल 'आनन्द', बिहार राष्ट्रभाषा परिषद्, पटना, द्वितीय संस्करण-1972, पृष्ठ-78 (भूमिका).
12. पंकज झा, ए पॉलिटिकल हिस्ट्री ऑफ लिटेरेचर : विद्यापति एंड द फिफ्टीन्थ् सेंचुरि. पृ0 2. आई०ऍस०बी०ऍन० 978-0-19-909535-3.

शोध उत्कर्ष Shodh Utkarsh Online Available at https:// www.shodhutkarsh.com ISSN-2993-4648
वर्ष - 02 अंक– 06 अप्रैल- जून - 2024 Impact factor– 3

# नीरा आर्य 'नागिन': एक स्वतंत्रता सेनानी

**अपर्णा भारती**
(शोधार्थी)
कश्मीर विश्वविद्यालय, श्रीनगर

**डॉ. रूबी ज़ुत्शी**
(प्रोफ़ेसर)
कश्मीर विश्वविद्यालय, श्रीनगर

**शोध - सार :-** भारत लगभग 200 वर्षों तक अंग्रेजों का गुलाम रहा है। भारत देश को आजाद कराने में अनेक स्वतंत्रता सेनानियों का योगदान रहा है। कुछ को वर्तमान में भी याद किया जाता है परन्तु कुछ गुमनामी के अँधेरे में खो गए। स्वतंत्रता पाने में उनके योगदान के विषय में तो दूर, कई लोग उनके नाम से भी अनभिज्ञ हैं। ऐसा ही एक नाम है नीरा आर्य 'नागिन'। वह एक महान देशभक्त, साहसी, संवेदनशील लेखिका एवं स्वाभिमानी स्त्री थी। उन्होंने भारतवर्ष को स्वतंत्र कराने में न केवल योगदान दिया बल्कि अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। स्वतंत्रता के बाद उन्होंने बिना किसी के सहारे के जीवनयापन करना शुरू किया। उन्होंने सुभाषचंद्र बोस के प्राणों की रक्षा एवं देश को स्वतंत्र देखने की ललक में अपने पति की हत्या कर दी थी। पति की हत्या के जुर्म में कारावास की सजा होती है। इन्होंने अपनी आत्मकथा 'मेरा जीवन संघर्ष' नामक शीर्षक से लिखी है जिसका प्रथम प्रकाशन 1966 में हुआ था परन्तु आपातकाल में इस पुस्तक पर प्रतिबन्ध लगा दिया गया। स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव के अवसर पर इस पुस्तक को पुनः प्रकाशित किया गया है। यह आत्मकथा उनके स्वय के जीवन के साथ - साथ स्वतंत्रता आन्दोलन का जीवंत वर्णन भी प्रस्तुत करती है।

**बीज - शव्द :-** प्रारंभिक जीवन, पढ़ाई, स्वतंत्रता सेनानी, जासूस, साहसी, स्वाभिमानी नारी, स्वतंत्रता, पतिहंता, देशद्रोही, वृद्धावस्था आदि।.

**विषय – वस्तु:-** संयुक्त प्रांत (उत्तरप्रदेश) खेकड़ा के सामान्य परिवार में जन्मीं नीरा के माता – पिता का इनके बचपन में ही महामारी में देहांत हो गया।छोटे भाई बसंत की जिम्मेदारी इन पर आना स्वाभाविक ही था। अपने तथा अपने भाई का पेट भरने लायक पैसा कमाने हेतु फूल बेचना प्रारंभ करती हैं।आर्य समाज के मंदिर के सामने छोटी उम्र में फूल बेचते देखकर सेठ छज्जूमल का हृदय द्रवित हो उठा – "गाँव में आर्य समाज के वार्षिकोत्सव में सेठ छज्जूमल जी आये थे और उन्होंने मुझे फूल बेचते हुए देख लिया और ग्रामवासियों से बात करके मुझ अनाथ को गोद लेकर सनाथ बना दिया।"[1] और वह उन्हें गोद लेकर कलकत्ता अपने साथ ले गया। भगवानपुर के बनी घोष के गुरुकुल में शिक्षा हेतु भेज दिया गया, जिनसे उन्हें संस्कृत का ज्ञान प्राप्त हुआ। इनका विवाह अंग्रेज सरकार के अधिकारी जयरंजन से सम्पन्न किया गया, जल्द ही इनके समक्ष इस रहस्य से पर्दा हट गया कि जिसको उन्होंने जीवनसाथी के रूप में चुना है वह देशद्रोही और लालची है। नीरा जी ने अपना स्वाभिमानी नारी का परिचय तब दिया जब उन्होंने अपने रक्षक भ्राता सुभाषचंद्र बोस के लिए देश के दुश्मन पति से सम्बन्ध – विचछेद कर अलग रहना स्वीकार करती हैं – "ललिता प्रसाद आर्य के घर में शरण लेकर उन्हीं के घर में रहकर कुछ बालिकाओं को संस्कृत का ट्यूशन पढ़ाने लगी - "यह मैंने अपनी आजीविका का साधन बना लिया, क्योंकि कर्म करते रहना ही मनुष्य का धर्म है। आर्य संस्कारों से पोषित होने के कारण किसी पर बोझ मैं बन नहीं सकती थी।"[2]

सुभाषचंद्र बोस जिन्होंने नीरा जी को बचपन में डूबने से बचाकर, उसी वक्त से उनके लिए रक्षक भ्राता बन गए थे।उन्होंने प्रतिज्ञा ली कि वह उनका यह कर्ज अवश्य उतारेंगी। इस हेतु वह रामसिंह के सहयोग से सिंगापुर में भर्ती होने के लिए चली गई और रानी झाँसी रेजिमेंट का हिस्सा बन गई। वह तन – मन से देश को स्वतंत्रता दिलाने में अपनी व्यक्तिगत सेवा में जुट गई। उन्हें अंग्रेज अफसरों की जासूसी करने का अवसर मिलता है परन्तु एक साथी के गिरफ्तार कर लिए जाने पर एक अन्य साथी के साथ हिजड़ों की वेशभूषा में जाकर उसे छुड़ा लाती हैं – " भागते वक्त एक दुर्घटना घट ही गई, जो सिपाही पहरे पर थे, उनमें से एक की बंदूक से निकली गोली राजामणि की दाई टांग में धंस गई, खून का फव्वारा फूटा। किसी तरह लंगडाती हुई वो मेरे और दुर्गा के साथ एक ऊँचे पेड़ पर चढ़ गई। नीचे सर्च ऑपरेशन चलता रहा, जिसकी वजह से तीन दिन तक हमें पेड़ पर ही भूखे – प्यासे रहना पड़ा। तीन दिन बाद ही हमने हिम्मत की और सकुशल अपनी साथी के साथ आजाद हिन्द फ़ौज के बेस पर लौट आई।"[3] उन्होंने नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जान बचाने के लिए पति की हत्या कर दी। नेताजी की सुरक्षा के लिए उन्हें तम्बू के बाहर तैनात किया गया था। ड्यूटी के दौरान उन्हें परछाई दिखी और बिना देर किए पहचान लेती है। जयरंजन ने नेताजी की हत्या के लिए गोलियां चलाई परन्तु गोलियां उनके ड्राइवर को लग गई। इसी दौरान नीरा जी ने उसे परलोक पहुंचा दिया था।

इसी साहसपूर्ण कदम उठाने के लिए नेताजी ने उन्हें 'नागिनी' नाम दिया था - "नेताजी ने मेरे माथे पर हाथ रखा, उनकी अश्रुधारा बह चली, "बहन तुमने मेरी रक्षा के लिए अपने पति के पेट में संगीन घुसेड़कर उन्हें परलोक पहुंचा दिया, तुम सैनिक नहीं, कोई दैवी हो! तुमने नागिन बनकर मातृभूमि का ऋण चुका दिया है। दिल्ली पहुंचकर लालकिले पर शहीदों की स्मृति में जो नामपट लिखा जाएगा, उस पर सबसे पहले आपका नाम अंकित किया जाएगा - एक जीवित बलिदानी नीरा आर्य नागिनी !"[4] पति की हत्या के आरोप में उन्हें गिरफ्तार कर अमानवीय यातनाएं दी जाने लगी। जेल में उनके स्तन काटने का प्रयत्न किया गया| उन्होंने अंग्रेज अधिकारियों द्वारा सुभाषचंद्र बोस के विषय में बार – बार पूछने पर जानकारी न देने और ये कहने पर की नेताजी उनके दिल में जिन्दा हैं, जिसे सुनकर जेलर आग बबूला हो गया- "उन्होंने मेरे आँचल पर ही हाथ डाल दिया और मेरी आंगी को फाड़ते हुए फिर लुहार की और संकेत किया ... लुहार ने एक बड़ा सा जंबूड औज़ार जैसा फुलवारी में इधर – उधर बढ़ी हुई पत्तियां काटने के काम आता है, उस ब्रैस्ट रिपर को उठा लिया और मेरे दाएं उरोज को उसमें दबाकर असहनीय पीड़ा देते हुए दूसरी तरफ से जेलर ने मेरी गर्दन पकड़ते हुए कहा, "अगर फिर जबान लड़ाई तो तुम्हारे ये दोनों गुब्बारे छाती से अलग कर दिए जाएंगे..."[5] जेल में अमानवीय अत्याचारों से तंग आकर वह जेल का मुयायना करने आए अफसर से औरतों के हक़ में बोलना चाहती है परन्तु पागल कहकर चुप करा जाता है और अफसर के जाते ही बंद कर दिया गया – " मुझे हथकड़ी पहनाकर हवालात में बंद कर दिया गया। दो – चार दिन के बाद मुझ पर 'मुकद्दमा' किया गया और पागलपन में अनाप – शनाप बकने का दोष लगाकर 6 महीने चेन गेंग तथा कमर नंगी करके 20 बैंत मारने का दंड दिया गया।"[6] कलकत्ता जेल से उन्हें द्वीप पर ले जाया गया जहाँ उनके हाथों में हथकड़ियाँ और पैरों में बेड़ियाँ डालकर एक पिंजरे में बंद कर दिया गया। उन्हें शोषण का शिकार भी होना पड़ा। खाने के लिए अचछा भोजन न मिलने पर कप्तान से शिकायत करने के विषय में पहरेदार कहता है – " तुमने नंगे बदन होकर कप्तान साहब के सामने नृत्य करने से इंकार कर दिया था, इसलिए तुम तो ऐसे खाने के लायक भी नहीं हो?"[7] तीन रात और तीन दिन उन्होंने जहाज में चिउड़ा और चना चबाकर कर गुजारे थे। कैदियों की भांति उनके बाल मुंडवा दिए गए। वह देशभक्त नारी थी। जेल में इस सवाल पर कि तुमने अपने पति को क्यों मार डाला और नेताजी को बागी तथा गुंडा कहने पर वह भड़ककर कहती हैं – "मुझे आजादी चाहिए आजादी...अपने देश की...इसलिए अपने पति को मारा...तुम्हारी तरह वह भी अंग्रेजों का पिट्ठू था भडवा कहीं का।"[8] जेल में उन्हें अस्पृश्यता का भी सामना करना पड़ा जब उच्च जाति की औरत से वह छू गई - "एक दिन एक उच्च जाति की महिला कैदी की बर्तन मुझसे छू गया तो बोली, "खसमखानी मेरा बर्तन अपवित्र कर दिया।' और उसने अपना बर्तन दूर दे मारा। तब मैंने अपने दोनों हाथों से उसे दबोच लिया और फिर एकदम दर हटते हुए मैं बोली, " ले मैंने तो तुझे भी अपवित्र कर दिया ...अब अपने शरीर को भी दूर फेंक दे...तेरे जैसी छूतछात मानने के कारण ही गुलामी भुगतनी पड़ी है हमें।"[9]

नेताजी की जानकारी उनसे उगलवाने के लिए कठोर यातनाएं दी जाने लगी – "उन्होंने ढेकलीनुमा उस यातना यंत्र को छोड़ दिया, मैं धडाम से समुद्र के पानी में डूब गई...मेरी आँख, कान, नाक सबमें नमकीन पानी भर गया और मैंने समझा कि अब मेरा अंतिम समय आ गया है, लेकिन उन्होंने फिर उस यातना यंत्र को ऊपर उठा दिया और फिर मुझसे पूछा, "सुभाष के अलावा कौन ऐसे लोग हैं, जो एक बार फिर आज़ाद हिन्द फौज बना रहे हैं?"[10] उनके एक साथी कर्ण सिंह तोमर का हवाला देकर उनसे सच जानना चाहते हैं परन्तु अपने कथन पर अडिग रहती है - "उन्होंने एक बार फिर डुबा दिया और फिर तो बार – बार निकालते और डुबाते...यह कहर तब तक मेरे ऊपर बरपाते रहे, जब तक कि मैं बेहोश न हो गई... जब मुझे होश आया तो मैं नग्न पड़ी थी, वे मद्यपान करते हुए राक्षसों की हंसी हंस रहे थे।"[11] जैसे ही होश आने पर जाने को उठती हैं तो बारी ने उन पर जोरदार वार कर दिया। वह समुद्र में गिर गई और आदिवासी इलाके में पहुंच गई। आदिवासी लोग उनके शरीर के मांस के लिए आपस में लड़ने – झगड़ने लगे - देश की आज़ादी के लिए तो मेरी जंग सफल ना हो सकी, अब मेरे शरीर का मांस किसी के खाने के काम आ जाए और हड्डियों का ढांचा इनके अस्त्र – शस्त्र के काम आये तो यह तो मेरे लिए स्वर्ग प्राप्ति से भी बड़ी उपलब्धि होगी।"[12] नीरा जी ने स्वयं को उनको समर्पित कर ओम का उच्चारण करने लगी। वह भी उनकी नकल कर ओम के स्थान पर होम बोलना शुरू कर देते हैं और हाथ से जलती हुई मशालें कुंड में डाल देते हैं। वह उन्हें देवी समझकर उनका आदर सत्कार करते हैं- "नित्य प्रति मेरे आगे आग जलाई जाती, वे लोग आग को पवित्र मानते थे और प्रसाद के रूप में कछुए के अंडे, अधपकी मछली, केंचुए आदि मुझे खाने के लिए दिया जाने लगा, कवचों से निकालकर सीपियो के जीव तो ऐसे खिलाए जैसे हम बचपन में मूंगफली छीलकर कर खाते थे, लेकिन मैं तो शाकाहारी थी, हालांकि ब्रिटिश यातना गृह में मैं शाकाहारी कहाँ रही थी भला...मुझे तो कई बार जबरन गोमांस तक खिला दिया गया था और मेरा शरीर और आत्मा दोनों ही अपवित्र हो चुकी थी,लेकिन मन तो मेरा देश की आजादी के लिए तड़प रहा था, इसलिए मेरी आत्मा ने अंदर से कहा, 'ये जो भी खाने को देते हैं, स्वीकार कर लो...उस व्यक्ति को क्या लाभ, जो सम्पूर्ण विश्व को प्राप्त कर ले, किन्तु स्वयं अपनी आत्मा को न पहचानता हो। आत्मा की आवाज साक्षात् ईश्वर की वाणी होती है।"[13] शरीर पर आई चोट का जड़ी - बूटियों से उपचार करते हैं। पहले जैसा

बलिष्ठ और कांतिमय शरीर हो जाने पर उनसे विदा लेने के लिए तैयार हो गई। उन लोगों के उदासी भरे चेहरे को देखकर उन्हें भारतवर्ष की स्वतंत्रता का हवाला देकर वहां से निकलने की उनसे इजाजत लेती हैं। कीमती मोती देकर एक नाव में सहयात्रियों के साथ बैठाकर उन्हें विदा करते हैं। नाव इंडोनेशिया के किनारे जाकर लगी। इंडोनेशिया पहुंचकर मोती बेचकर स्वतंत्रता के लिए योजना बनाने लगी तभी उन्हें सूचना मिलती है कि अंग्रेजों ने भारत देश को स्वतंत्र करने की घोषणा कर दी है। जीवन के अंतिम दिनों में अपने पैतृक गाँव पहुंचकर पुनः फूल बेचना शुरू कर देती हैं। स्वतंत्र भारत देश की विडंबना देखकर निराश होती हैं- "स्वतंत्र भारत में भी रात के बारह बजे वीरान सड़क पर नारी भला कहाँ अभी भी सुरक्षित थी। जब आदमी किसी भूखे, प्यासे, बीमार या असहाय व्यक्ति को देखकर भी उसकी मदद करने से कतराता है, तो दरहसल उस पल वह प्रभु की पुकार का निरादर कर रहा होता है। मेरे प्राणप्रिय खेकड़ा के लोग भी यही कर रहे थे।"[14]

**निष्कर्ष** रूप में कहा जा सकता है कि स्वतंत्रता सेनानी नीरा आर्य साहसी, स्वाभिमानी, देशभक्त एवं प्रथम जासूस नारी थी इन पंक्तियों में उनकी देशभक्ति की उत्कृष्ट इच्छा व्यक्त हुई है – "हे ईश्वर मेरे भारत देश का हरेक नागरिक आत्मनिर्भर हो जाए, मेरा देश दूध, पूत, अन्न – धन्न से सम्पन्न हो जाए, मेरे देश की कीर्ति पताका चहुंओर लहराए, मेरा देश अब सृष्टि के अन्तकाल तक स्वतंत्र रहे और पूरे विश्व की उन्नति चाहता हुआ वसुधैव कुटुम्बकम का पालन करे और हां यदि मेरा पुनर्जन्म हो तो मुझे खेकड़ा ग्राम में पैदा करना। ऐसी मेरी अंतिम इच्छा है मेरे परमेश्वर!"[15] बीमारी की हालात में 1998 में चारमीनार के पास उस्मानिया विश्वविद्यालय में एक गरीब एवं असहाय वृद्धा के रूप में मौत का आलिंगन कर लिया। वीरांगना नीरा आर्य जी का नाम इतिहास में चिरस्मरणीय रहेगा।

*********************

सन्दर्भ सूची


1 आर्य नीरा 'नागिन', आत्मकथा, मेरा जीवन संघर्ष, संस्करण 2022 पृष्ट 14
2 वही पृष्ट 71
3 वही पृष्ट 127
4 वही पृष्ट 133
5 वही पृष्ट 161
6 वही पृष्ट 180
7 वही पृष्ट 167
8 वही पृष्ट 174
9 वही पृष्ट 176 – 177
The table 2 represent frequency, percentage, mean score and standard distribution of pre-test breast engorgement level among postnatal mothers. With regards to the level of breast engorgement in pretest out of 30 postnatal mothers, none of them were normal, 21 (70%) showed mild level of breast Engorgement and 30% showed moderate breast engorgement. The mean score was 16.25 with standard deviation of 24.5. It shows that the breast massage is essential to reduce the level of breast engorgement.

**Post-test score of breast engorgement level among postnatal mothers N=30**

| Breast Engorgement level | Frequency | Percentage | Mean Score | SD |
|---|---|---|---|---|
| Normal | 19 | 63.3% | 7.5 | 7.08 |
| Mild Engorgement | 7 | 23.3% | | |
| Moderate Engorgement | 4 | 13.3% | | |
| Severe Engorgement | 0 | 0% | | |

**Table 3Assessment of Post-test breast engorgement level score among postnatal mothers.**

Table no 3 shows post test level of breast engorgement among postnatal mothers after giving breast massage which were classified into Normal, Mild Engorgement, Moderate Engorgement, Severe Engorgement. With regards to the level of breast engorgement in pretest out of 30 postnatal mothers, 19 (63.3%) of them were normal, 7 (23.3%) showed mild level of breast Engorgement and 13.3% showed moderate breast engorgement. Mean post test score among postnatal mothers was 7.5 with standard deviation of 7.08. It shows the data of breast engorgement among postnatal mothers after breast massage was highly effective.

**Section 3- Distribution of comparison of mean score of pre-test and post-test breast engorgement level**

| Test | Mean | SD | Mean Difference | Paired t-test value |
|---|---|---|---|---|
| Pre-Test | 16.25 | 24.5 | 8.75 | 1.86<br>P value- .033<br>**S** at $p<.05$ |
| Post-Test | 7.5 | 7.08 | | |

**among postnatal mothers with breast engorgement $p> 0.05$, Not Significant, $p< 0.05$ Significant, $p< 0.001$ Highly significant**

**Table- 4 Showing comparison of mean pre and post-test breast engorgement -**The data presented in table above shows thatin pre- test breast engorgement level mean was 16.25 with standard deviation of 24.5, among postnatal mothers. Whereas in the post test they were having mean 7.5 with standard deviation of 7.08, so difference is 8.75. The paired "t" test value is 1.86 with p value of .33 which is found to be significant at $p<0.05$ level.

**Thus hypothesis $H_1$ is accepted.-**The above findings are supported by the pre-experimental study conducted by Princy Thomas et.al. 2017 in postnatal ward of Hakeem Abdul Hameed Centenary Hospital, Jamia Hamdard, New Delhi. The findings revealed that there was significant difference between pre-test score and post-test score from day 1- 3 which was found to be statistically significant as evident for numerical pain rating scale 't' value 19.7 at 0.05 level of significance.[2]

Section 4Distribution of Pain pre and post breast massage related to breast engorgement among postnatal mothers using Wong Baker rating scale **N=30**

| Pre-test pain assessment prior breast massage | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **Pain rating scale** | **Frequency** | **Percentage** | **Mean Score** | **SD** |
| No pain | 0 | 0 | 7.5 | 8.015 |
| Mild Pain | 19 | 63.3 | | |
| Moderate pain | 11 | 36.6 | | |
| Severe pain | 0 | 0 | | |

**Table no 5 Assessment of Pre-test pain level score prior to breast massage among postnatal mothers.**

The table 5 represent frequency, percentage, mean score and standard distribution of pre-test pain level among postnatal mothers which is classified into no pain, mild pain, moderate pain and severe pain. With regards to the level of pain in pretest out of 30 postnatal mothers, none of them mentioned about severe pain, 11 (36.6%) showed moderate level of pain and 63.3% showed mild breast engorgement. The mean score was 7.5 with standard deviation of 8.015. It shows the figure of pain among postnatal mothers grading from mild to moderate, so breast massage is essential to reduce the level of pain. **N=30**

| **Posttest pain assessment prior breast massage** | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **Pain rating scale** | **Frequency** | **Percentage** | **Mean Score** | **SD** |
| No pain | 15 | 50% | 7.5 | 5.590 |
| Mild Pain | 10 | 33.3% | | |
| Moderate pain | 5 | 16.6% | | |
| Severe pain | 0 | 0% | | |

**Table no 6 Assessment of Posttest pain level score prior to breast massage among postnatal mothers.**

The table 6 represent frequency, percentage, mean score and standard distribution of posttest pain level among postnatal mothers which is classified into no pain, mild pain, moderate pain and severe pain. With regards to the level of pain in pretest out of 30 postnatal mothers, none of them mentioned about severe pain, 5 (16.6%) showed moderate level of pain and 10 (33.3%) showed mild breast engorgement and 15 (50%) showed no pain. The mean score was 7.5 with standard deviation of 5.590. It shows the figure of pain among postnatal mothers grading from normal to moderate post breast massage.

**Section 5:-Distribution of Pre and Post volume comparison of breast milk related to breast massage technique among postnatal mothers with breast engorgement N=30**

| **Volume Comparison** | **Mean** | **SD** | **T test** | **p** |
|---|---|---|---|---|
| Pretest | 12.60 | 4.955 | 8.408 | 0.0001 **S** |
| Post test | 24.60 | 6.04 | | |

p> **0.05, Not Significant, p< 0.05 Significant, p< 0.001 Highly significant**

**Table no 7 Volume level score before and after breast massage among postnatal mothers**

A measuring cup was used to measure the breast milk in millilitres. The researcher demonstrated the procedure on second day after delivery and then analysed the mothers procedure steps with the help of checklist. The Average Milk production was found to be increased on $2^{nd}$, $3^{rd}$, $4^{th}$ day of the post breast massage procedure, respectively at a particular time. The pretest mean was 12.60 with standard deviation of 4.955.

The posttest mean was 24.60 with standard deviation of 6.04. The t test was applied and was found to be 8.408. It was found to be significant at $p \leq 0.05$.

**Thus hypothesis $H_3$ is accepted**

The above finding was supported by the findings of Arslanoglu S et.al. 2013 in his quantitative study in which breast milk volume before breast massage was 7.33 ml and the volume of breast milk in the post test was 15.56 ml, the results of this study indicate that breast massage is effective in increasing the volume of breast milk. [9]

**Section 6:-Association of posttest of postnatal mothers with selected demographic variable**the chi square was used to find out the association of posttest level of breast engorgement among postnatal mothers with their selected demographic variables. The study findings showed that there was no significant association of posttest level of breast engorgement among postnatal mothers with their selected demographic variables like age, educational status, occupation, postnatal day, gravida, feeding started, duration of feeding, feeding frequency. **Hence the hypothesis $H_4$ was rejected at $P \leq 0.05$**

**The above findings can be supported by quasi experimental study done by Cherian Shilpa 2019** among sixty postnatal mothers whose babies were admitted to the NICU **were selected using non-probability purposive sampling technique. The result of the study showed that the "t" value was 2.01. Association of demographic variables with the volume of expressed breast milk showed no significant association at 0.05 level of significance.** [10]

**Section 7:Effectiveness of breast massage technique in relation to breast engorgement among postnatal mothers. N=30**

| EffectivenessComparison | Mean | SD | T test | p |
|---|---|---|---|---|
| Pretest | 3.76 | 1.453 | 7.942 | 0.0001 S |
| Post test | 7.53 | 2.156 | | |

p> **0.05, Not Significant, p< 0.05 Significant, p< 0.001 Highly significant**

**Table- 8Effectiveness of breast massage technique among postnatal mothers-**Breast massage includes rubbing, stroking and kneading each breast followed by massaging breast with finger pads, in a circular motion around the whole breast in a clockwise manner. To ensure the correct method practiced by the mother, the first expression after the teaching is evaluated by the researcher with the help of a checklist.

The pretest mean was 3.76 with standard deviation of 1.453. The posttest mean was 7.53 with standard deviation of 2.156. The t test was applied and was found to be 7.942. It was found to be significant at $p \leq 0.05$.

Thus hypothesis $H_5$ is accepted The above findings were supported byquasi-experimental study conducted by Priyanka Sonsale et.al. 2014 to evaluate the effectiveness of olive oil massage on prevention of breast engorgement among 40 postnatal mother's admitted in selected hospital of Maharashtra by non-randomized sampling technique. After pre-test, intervention was given as olive oil massage for 5 min up to 3 consecutive days. Then finally the post-test assessment was done. Paired 't' test was used for data analysis. The study concluded that the olive oil massage is effective to prevent breast engorgement.[11]

**Conclusion-**The current study was done to assess the effectiveness of breast massage on lessening of breast engorgement among mothers. The consequences of the study concluded that breast massage was effective on lessening of breast engorgement among mothers. Breast massage is easy to exercise,not painful and can augment comfort to mother in the puerperium period, henceforth it could effortlessly be implemented as a routine intervention. Therefore, the investigators concluded that further importance should be given to assessment on reduction of level of breast engorgement by using standard breast engorgement scale following the intervention of breast massage. It can be given as non-pharmacological measures to reduce breast engorgement. Acknowledgement: We would like to express our sincerest gratitude to our Director for being the backbone of our institute. We are thankful to PC Sethi and St. Francis Hospital for granting us permission to conduct our research study. We owe our sincere gratitude to our samples for their cooperation in successful completion of our research.

**Source of Funding:** Self **Conflict of Interest:** None

**References**

1. Chaudhary, P., Banu, T. &Farswal, A. (2019): A study to assess the effectiveness of olive oil massage in reducing breast engorgement and pain among postnatal mothers with LSCS admitted in selected hospital at Meerut. International Journal of Nursing & Midwifery Research, 6(4), 13-21.
2. Thomas, Princy &Chhugani, Manju & Rahman, Jahanara & Varun, Neha & Professor, Asst. (2017). Effectiveness of breast massage on mild breast engorgement, breast milk ph and suckling speed of neonate among the postnatal mothers. International Journal of Current Research. 9. 58821-58826.
3. Indrani D, Sowmya MV (2019) A Study to Find the Prevalence of Breast Engorgement among Lactating Mothers. J Reprod Med GynecolObstet 4: 023.
4. Nahed Maher Ahmed Abdallah, Sanaa Ali Nour Eldin, Amany Hamed Gad, Breast and Nipple Problems Encountered among Puerperal Primipara Women in Zagazig, International Journal of Pharmaceutical Research & Allied Sciences, 2018, 7(1):183-195, ISSN : 2277-3657
5. Resmy, V, Nalini, S.J. and Sumathi G. 2014. Effect of luke warm water compress on prevention of nipple pain and breast engorgement among primiparous at selected Hospital in Chennai. Journal of Science, 4(10), 620-624.
6. Iyengar, K. 2012. Early postpartum maternal morbidity among rural woman of Rajasthan, India: A community based study. Journal of Health, Population & Nutrition, 30(2), 213–225.
7. Lowdermilk Perry, (2007). Maternity and Women Health Care. (7thed.). Missouri: Mosby Publications
8. Yadav N, Vyas H, Mamta, Goyal M. Effectiveness of prenatal lactation counseling on breastfeeding practices, breast engorgement, and newborn feeding behavior among postnatal mothers at a teaching institution. J Family Med Prim Care. 2022 Mar;11(3):1146-1151. doi: 10.4103/jfmpc.jfmpc_1217_21. Epub 2022 Mar 10. PMID: 35495845; PMCID: PMC9051700.
9. Arslanoglu S, Moro GE, Bellù R, Turoli D, De Nisi G, Tonetto P, et al. Presence of human milk bank is associated with elevated rate of exclusive breastfeeding in VLBW infants. J Perinat Med. 2013;41(2):129–31
10. Shilpa Cherian, Effectiveness of breast massage on the volume of expressed breast milk among mothers of neonates admitted in NICU in selected hospitals, Mangaluru, Asian Journal of Nursing Education and Research Year : 2019, Volume : 9, Issue : 1
11. Priyanka Sonsale, Nagrale Arati, Nagre Aniket, Nandagawali Ashwini, Pakhare Nikita, Sawale Vaishanavi, Shelke Akanksha, Suroshe Shital, A study to assess the effectiveness of olive oil massage on prevention of breast engorgement among postnatal mothers, admitted in selected hospital, at Jalna, Maharashtra. Journal of emerging technologies and innovative research (Jetir) May 2022, Volume 9, Issue 5 ISSN-2349-5162

# वर्तमान शिक्षा प्रणाली में संवेगात्मक बुद्धि का महत्व एवं उपयोगिता

**प्रो. मोहन लाल 'आर्य'**
शिक्षा विभाग
आईएफटीएम विश्वविद्यालय, मुरादाबाद
Orcid Id: 0000-0001-5424-8819

**सारः**-शिक्षा मानव विकास का आधार है। शिक्षा के माध्यम से ही मानव का विकास इस अवस्था तक पहुॅचा है। शिक्षा मानव जीवन के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ उसके सामाजिक, संवेगात्मक एवं मानसिक विकास के मार्ग को प्रशस्त करती है। शिक्षा का मुख्य लक्ष्य बालक का सर्वांगीण विकास करना होता है, बालक के सर्वांगीण विकास में शिक्षा के साथ-साथ उसके परिवार, विद्यालय, एवं समाज का महत्त्वपूर्ण योगदान होता है। बालक के सर्वांगीण विकास में संवेगात्मक बुद्धि एक विशेष स्थान रखती है। इस दृष्टि से संवेगात्मक बुद्धि को समझना महत्वपूर्ण हो जाता है।

**बीजक शब्दः** संवेगात्मक बुद्धि, सर्वांगीण विकास, बुद्धि लब्धि, अमूर्त चिन्तन।

**प्रस्तावनाः**-संवेगात्मक बुद्धि को समझने हेतु बुद्धि से आरम्भ करना होता है। संवेगात्मक बुद्धि स्वयं की एवं दूसरों की भावनाओं अथवा संवेगों को समझने, व्यक्त करने और नियंत्रित करने की योग्यता है। दूसरे शब्दों में, अपनी और दूसरों की भावनाओ को पहचानने की क्षमता, भावनाओं के बीच भेदभाव और उन्हें उचित रूप से स्तरीत करना, सोच और व्यवहार मार्गदर्शन करने के लिए भावनात्मक जानकारी का उपयोग को संवेगात्मक बुद्धि कहते हैं। अपनी भावनाओं, संवेगों को समझना उनका उचित तरह से प्रबंधन करना ही भावनात्मक समझ है। व्यक्ति अपनी 'भावनात्मक समझ का उपयोग कर सामने वाले व्यक्ति से ज्यादा अच्छी तरह से संवाद कर सकता है और ज्यादा बेहतर परिणाम प्राप्त कर सकता है। डेनियल गोलमैन (Daniel Goleman) की पुस्तक भावनात्मक बुद्धि' (Emotional Intelligence) ने इस शब्द को को सम्पूर्ण विश्व में प्रचलित कर दिया। इससे पहले बुद्धि लब्धि को ही सब कुछ माना जाता था। अब यह माना जाने लगा है कि एक अच्छी बुद्धि लब्धि वाला व्यक्ति अच्छी सफलता प्राप्त सकता है परन्तु अधिक उंचाई पर पहुँचने के लिए भावनात्मक समझ का होना भी जरूरी है। अच्छी भावनात्मक समझ रखने वाला व्यक्ति कभी भी क्रोध और खुशी के अतिरेक में आ कर अनुचित कदम नही उठाता है।

बुद्धि को सीखने की क्षमता कहा जाता है। अधिक बुद्धि वाला व्यक्ति अधिक गहनता एवं शीघ्रता से सीखने में योग्य होता है। इसके अतिरिक्त इसे 'अमूर्त चिन्तन' के रूप में भी जाना जाता है जिससे परिस्थितियों को समझने में प्रत्ययों एवं संकेतों का प्रभावी उपयोग विशेष तौर पर समस्याओं के समाधान में आंशिक एवं मौखिक संकेतों के द्वारा किया जाता है। कोई भी व्यक्ति, अधिकारी अपने कार्यक्षेत्र में तब ही सफल होता है जब वह अपने मित्रों, सहयोगियों एवं अधिकारियों की समस्याओं एवं परेशानियों को समझ कर उनके साथ व्यावहारिक रूप से पेश आता है। व्यक्ति के व्यावहारिक रूप को निर्मित करने में संवेगात्मक बुद्धि की अहम् भूमिका रहती है। संवेगात्मक बुद्धि द्वारा व्यक्ति में अंतर वैयक्तिक जागरूकता एवं प्रबन्धन का गुण विकसित होता है। संवेगात्मक बुद्धि किसी व्यक्ति में संवेगात्मक योग्यता तथा संवेगात्मक कौशल विकसित करती हैं, जिससे संवेगात्मक सम्बन्धों के निर्वाह में सहयोग प्राप्त होता है। संवेगात्मक बुद्धि को सार्वजनिक रूप में अधिकांश नेताओं के लिए प्रभावपूर्ण बातचीत और ठोस कौशल के लिए जाना जाता है। वे पूरी दुनिया को प्रेरित एवं प्रभावित करने के लिए उनके साथ काम कर सकते हैं। वे अपने तरीके से दूसरों के लिए कुछ समानता निर्मित कर सकते हैं। बुद्धि के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए बैसलर ने बताया है कि बुद्धि अनेक शक्तियों का समुच्चय है जिसके आधार पर व्यक्ति में प्रयोजनपूर्वक कार्य करने, तर्कपूर्वक सोचने और अपने वातावरण के प्रति उचित प्रकार से व्यवहार करने की समुच्चय योग्यता विकसित होती है। जिससे बुद्धिमान व्यक्ति अपने अनुभवों को प्रभावपूर्वक प्रयोग करता है, अधिक लम्बे समय तक अपने ध्यान को लगाये रखने में समर्थ होता है, एक नवीन अपरिचित परिस्थिति के साथ अधिक तेजी, कम असमंजस्य एवं कम गलतियों के साथ अनुकूलन करता है। संवेगात्मक बुद्धि को आंतरिक प्रतिक्रिया, परिस्थितिजन्य प्रतिक्रिया एवं आनुवांशिक प्रतिक्रिया के विकास की तुलना में ज्ञानात्मक प्रक्रिया के स्मृति, बोध, तार्किकता एवं समस्या समाधान के मध्यस्थ के रूप में समझा जा सकता है जिसे संवेगात्मक व्यवहार का उच्च रूप माना जाता है। जिसके आधार पर संवेगात्मक ज्ञान में अधिकता होती है जिससे संवेगात्मक व्यवहार में विभिन्नता दृष्टिगत होती है। डेनियल गोलमैन ने अपनी पुस्तक ''ब्रेन साइंसः एक बायोलॉजी की वर्तमान खोज'' में बताया है कि हम लोग एक-दूसरे से तार द्वारा इस प्रकार से जुड़े रहत हैं कि हमारे जीवन के प्रत्येक पहेलू पर तथा प्रत्येक संबंध पर इसका गहरा प्रभाव पडता है व्यवहार का विशैला प्रभाव व्यक्ति को क्रोधी, ईर्ष्यालु, कुण्ठित एवं अशिष्ट बना देता है जबकि पौष्टिक व्यवहार व्यक्ति को सम्माननीय, प्रामाणिक एवं योग्य बनाता है।

यह एक सार्वभौमिक सत्य है कि हम सभी संवेगात्मकता के लिए बनाये गये हैं और हमारे चारों ओर जो लोग हैं उनके सोच मस्तिष्क से मस्तिष्क द्वारा एक दूसरे से जुड़े होते हैं। हमारी दूसरों के प्रति अनुक्रिया तथा दूसरों की हमारे प्रति अनुक्रिया एक जैवकीय प्रभाव बनाता है तथा हौर्मोन को हमारे हृदय से रक्षा तंत्र तक भेजता है जिसमें एक अच्छा एवं मजबूत संबंध विटामिन की तरह कार्य करता है तथा बुरा संबंध जहर की तरह कार्य करता है। हम दूसरों की भावनाओं की उसी प्रकार पकड़ते है जैसे-सर्दी जुकाम पकड़ते है तथा अकेलापन या एकाकीपन तथा संवेगात्मक दबाव जीवन को संकुचित कर देता है जिससे विषैला व्यवहार विकसित हो जाता है। संवेगात्मक बुद्धि व्यक्तित्व के महत्वपूर्ण गुणों का एक समूह है जिसके आधार पर व्यक्तियों की तुलना की जा सकती है। संवेगात्मक बुद्धि को आंतरिक प्रतिक्रिया, परिस्थितिजन्य प्रतिक्रिया एवं आनुवांशिक प्रतिक्रिया के विकास की तुलना में ज्ञानात्मक प्रक्रिया के स्मृति, बोध, तार्किकता एवं समस्या समाधान के मध्यस्थ के रूप में समझा जा सकता है जिसे संवेगात्मक व्यवहार का उच्च रूप माना जाता है।

नेन्सी कैन्टर तथा डेनियल गोलमेन ने संवेगात्मक बुद्धि हेतु निम्नलिखित पहलुओं को महत्वपूर्ण माना है-

- परिस्थिति के अनुरूप निर्णय करना।
- संवेदनशीलता रखना।
- व्यवहार कुशलता प्रदर्शित करना।
- दूसरों की भावनाओं को उचित प्रकार से समझना।
- प्रतिकूल परिस्थितियों में धैर्य बनाये रखना।
- अपने व्यवहार से दूसरों को प्रसन्न रखना।
- जिंदगी में खुशी के पेल ढूंढना।
- संबंधों का सफलतापूर्वक निर्वहन करना।
- सांवेगिक बुद्धि का संप्रत्यय बेहद लोकप्रिय हो गया है और जिन व्यक्तियों के पास यह क्षमता है, उन्हें मिलने वाले लाभों की वजह से

♦सतत रूप से लोकप्रिय हो रहा है। इसके प्रमुख लाभ निम्नांकित हैं:
♦यह मानव के लिए उन सूचनाओं और ताकतों का भी इस्तेमाल करती है जो संवेगों से प्राप्त होती हैं।
♦मानव संवेगों के प्रति यथार्थवादी और व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाती है।
♦यह सतही जानकारी से परे, स्वयं और दसरों की समझ को सुगम बनाती है।
♦सहानुभूति को प्रोत्साहित और सक्षम करती है ताकि पारस्परिक संवादों की गुणवत्ता में सुधार हो।
♦केवल संज्ञानात्मक बुद्धि और तकनीकी कौशल से परे जाकर प्रतिस्पर्धात्मक लाभ प्रदान करती है ताकि व्यक्ति विविध बुद्धियों का उपयोग करते हुए उत्कृष्टता और सफलता प्राप्त कर सके।
♦यह निजी संबंधों से लेकर व्यावसायिक संदर्भों और माहौल तक हमारे जीवन की विविध स्थितियों में सांवेगिक बुद्धि के लाभों के निहितार्थ है।
♦ऐसे संवेगों जिन्हें संबंधित व्यक्ति किसी विशेष स्थिति में अधिकाधिक अनुभूत करना चाहते हों के विषय में अधिक साधन और नियंत्रण की अनुमति देती है। संवेगात्मक बुद्धि व्यक्ति को अपने समाज के अनुकूल समायोजन करने की प्रभाविता रखने, दसरे लोगों के साथ प्रभावपूर्ण व्यवहार करने, दसरों के साथ अच्छा आचरण अपने एवं उनसे मिल-जुलकर रहने में सहयोग प्रदान करती है जिससे व्यक्ति में व्यवहार कौशल विकसित होती हैं, इस प्रकार वर्तमान षिक्षा प्रणाली में संवेगात्मक बुद्धि का महत्व एवं उपयोगिता स्पष्ट होती है।

**निष्कर्ष:-** निष्कर्ष रूप मे कहा जा सकता है कि वर्तमान शिक्षा प्रणाली में भावनात्मक बुद्धि का महत्व छात्रों की शैक्षणिक उपलब्धि से कहीं आगे बढ़कर छात्रों के सर्वांगीण विकास और व्यक्तित्व को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। सहानुभूति, लचीलापन और प्रभावी पारस्परिक कौशल को बढ़ावा देकर, शैक्षणिक संस्थान छात्रों को न केवल शैक्षणिक रूप से बल्कि उनके व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन में भी सफल होने के लिए आवश्यक उपकरणों से लैस कर सकते हैं। शैक्षिक संरचना में भावनात्मक बुद्धि को एकीकृत करने से न केवल अधिक सहानुभूतिपूर्ण सीखने का वातावरण तैयार होता है, बल्कि छात्रों को भविष्य में विकसित होने वाली चुनौतियों के लिए तैयार कर एक श्रेष्ठ नागरिक बनने के लिए का मार्ग तैयार होता है।

*************

**सन्दर्भ ग्रन्थ सूची:-**

1.'आर्य', मोहन लाल, पाण्डेय, एम0पी0 एवं गोला, राजकुमारी (2023), अधिगम एवं विकास का मनोविज्ञान, आर0लाल बुक डिपों, मेरठ।
2. 'आर्य', डॉ0 मोहन लाल, (2014), शैक्षिक प्रशासन एवं प्रबन्धन'', आर0 लाल बुक डिपों, मेरठ।
3.'आर्य', डॉ0 मोहन लाल, (2016), ''शैक्षिक प्रशासन एवं प्रबन्ध'', आर0 लाल बुक डिपों, मेरठ।
4.'आर्य', डॉ0 मोहन लाल, (2017), ''अधिगम और शिक्षण'', आर0 लाल बुक डिपों, मेरठ।
5.'आर्य', डॉ0 मोहन लाल, (2017), ''ज्ञान और पाठ्यक्रम'', आर0 लाल बुक डिपों, मेरठ।
6.'आर्य', डॉ0 मोहन लाल, (2014), ''शिक्षा के ऐतिहासिक एवं राजनीतिक परिप्रेक्ष्य'', आर0 लाल बुक डिपों, मेरठ।
7.'आर्य', डॉ0 मोहन लाल, (2017), ''अधिगम के लिए आंकलन'', आर0 लाल बुक डिपों, मेरठ।
8.पाण्डे एवं देव (2003), रियलटिज ऑफ टीचिंग एक्सप्लोरेन्सस विथ विडियो टेप, *न्यूयार्क: रिनहर्ट एण्ड पिटंसन*, पृष्ठ- 55-64।
9.नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (2020), शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार।
10.Barnes, M.L., & Sternberg, R.J. (1989): Emotional intelligence and decoding of nonverbal cues. Intelligence.
11.Coleman, Andrew (2008). *A Dictionary of Psychology* (3 संस्करण). Oxford University Press. ISBN: 9780199534067.
12.Feldman, D. A. (1999): The Handbook of Emotionally Intelligent Leadership: Inspiring Others to Achieve Results, Leadership Performance Solutions Press, Falls Church, VA.
13.Goleman, Daniel (1995): Emotional Intelligence: Why It Can Matter More Than I.Q. New York: Bantam.
14.Goleman, D. (1998): Working with Emotional Intelligence, Bantam Books, New York.
15.Guilford, J.P. (1967): The nature of intelligence. New York: McGraw-Hill.
16.Guilford, J.P. & Hopener R. (1971): "The Analysis of Intelligence", New york, McGraw Hill, 1971.

# Population Growth and Cultural Landscape in Kanth Tehsil: A Geographical Study

**Rahul Kumar**
Research Scholar
School of Education and Humanities
IFTM University, Moradabad U.P.

**Dr. Mohan Lal 'Arya'**
Professor
School of Education and Humanities
IFTM University, Moradabad U.P

**Abstract:**
According to 2011 census, India's population was 121 crores. The population of the country which used to be second place in the world, but if seen today, the population of India has come to the first place. Today the population of India has crossed approximately 140 crores. It is a big problem for any advanced nation. In such a situation, the rapidly increasing population is a big challenge for India. In such a situation, a solution to the problem of increasing population will have to be found as soon as possible. So that India can become a developing country.

**Key words:** Cultural landscape, population growth, social development, economic development.

**Introduction:**
We know that when the population of any country crossed its limit then a shortage starts appearing in every resource of that country, which is not good for any nation. Due to which the economic growth of that country seems to be declining. In such a situation, the population of any country reaches an explosive level. If we talk about a country like India, the population rate is increasing at a much higher rate than the pace of development in the country. The pace at which urbanization is increasing is not increasing as per our expectations. Due to which regional imbalance along with resources is also increasing rapidly. The agricultural land of the city has been destroyed and converted into a city, due to which a change is visible in the city. There is a lot of attractions in the city, where is more facility than the village, which attracts the rural people, due to which the village is changes in to town and town changes in to city.(1)

**General introduction of the study area:**
Uttar Pradesh is a huge state of India in terms of population. There are 75 districts in Uttar Pradesh, in which Moradabad is one such district which is known for its brass works. It is also known as Brass City. Moradabad district is divided into 4 tehsils like; Moradabad, Kanth, Thakurdwara and Bilari and 8 blocks. There are total 3 blocks in kanth tehsil like; Kanth Chhajlet, Dilari and Thakurdwara. Kanth is a city located in Moradabad district. Geographically, Kanth is located at 29.07°N latitude and 78.63°E longitude. Tehsil Kanth is a big tehsil of Moradabad district which covers maximum rural area. This tehsil is situated in the north direction of Moradabad district. Its situated on the Moradabad haridwar highway, and is well connected to UP. Roadways bus service as well as rail routes. It has Dhampur in the east, Amroha in the west, Chandpur in the north and Moradabad in the south. There are 201 villages under this tehsil. (1, 6)

**Population growth in Kanth tehsil:**
Population growth in kanth tehsil is less as compared to other block. There are many reasons for this. While some are caste based, some are religious. The people here do more farming work and there is also a lack of literacy in the villages. More and more people live in villages and do farming. People here use Hindi, English and Urdu languages more. Kanth tehsil has a total area of 395 km² which includes 393.46 km² rural area and 1.91 km² urban area. The population of Kanth tehsil is 3,04,082, out of which the urban population is 54,117 while the rural population is 2,49,965. The population density of Kanth tehsil is 769 inhabitants per square kilometer. (6)

The difference between population and development cannot be denied. In the present environment, differences are being seen in the level of development. This difference is also due to many reasons, but scholars are of the opinion that the level of population also changes according to the change in the level of education and culture. Students who have high level of education also have high level of cultural development. As a result, as the level of development is higher there, the population or human development index is also higher.

Population scientists believe that changes in the characteristics of a population with socio-economic development are especially visible in population growth. Similarly, due to change in population growth, both birth rate and death rate are higher in socio-economic countries, which is a symbol of backwardness (highlighted this line because it is meaningless). On the other hand, in countries with high socio-economic development, population growth also reduces due to low birth rate and death rate. Above analysis under this general rule, it becomes clear that the same trend of population growth is found in all the countries of the world, but there is a difference in their conditions. It is also true that even if we consider the total population of the three

continents of North America, South America and Australia, it is less than the population of India and the irony along with this is that our population is increasing by 1 crore 70 lakh people every year.(2)

Factors affecting population distribution and density:

The local distribution of population of Tehsil Kanth is not uniform. There is a lot of regional variation in it. All those factors which affect the density and distribution of population can be divided into two categories.

**(A) Physical factors:**

These play an important role in influencing the density and distribution of population. Physical factors include the structure or shape of the **land, climate, soil** etc. Although there has been a lot of progress in science and technology, the influence of physical factors still remain.

**Landform:** The most important part of the landform is its slope and its height. The density and distribution of population largely depends on these two qualities. At some places the plains are densely populated areas and at some places the flow of water and ground water levels play an important role in population distribution. It affects the pattern of population distribution.

**Climate:** Kanth has a hot climate for most of the year. Average temperatures in summer range from 25º C to 46º C, with May and June being the hottest months. The monsoon lasts from July–September, causing an average rainfall of 967 mm. In winter lasts from November to February-March. The cold waves coming from the Himalayan region make winters very cold in whole Moradabad. The climate of a place affects the spatial distribution and spread of population. The distribution of population in these regions is uneven and the density is low. The climate here has more heat in the summer season, more cold in the winter season and more rainfall in the rainy season. Overall, there is summer season here. There is rainy season from June to September, winter season from October to February and summer season from February to June. Here, summer, winter and rainfall keep changing within 5 and 4 months. However, mostly the weather remains summer because the rainy season starts from around 20th June. In May, June and July the sun's rays fall directly on the earth due to which there is more heat. The climate here is monsoon. It receives rainfall with monsoon winds in the summer season. The annual average of rainfall is around 50-100 cm. Along with this, the climate remains dry and humid. (3)

**Description of rainfall:** The rainy season here is considered to be from June. It is said that rains start here from 15th June. Sometimes it is seen that the rains in July. Sometimes the situation even reaches the point of drought as it never rains due to which agriculture dries up and the water in rivers and ponds starts drying up. Fish, animals etc. starts dying and crops get spoiled. The lives of the general public are also greatly affected.

**Heavy Rainfall:** The maximum rainfall here is 180 cm. Compared to 2001, 2011 saw less rainfall. Rainfall ranges from 58 to 83 cm. Sometimes it does not rain, only empty splashes remain. Indian agriculture can be described as a gamble of monsoon. Earlier all people depended on seasonal rains. If it rained, the crops would grow well and if there was a famine, the crops would get spoiled. Sometimes even grains to eat were not available. In those days, grains were looted in the markets.

**Soil:** How can soil affect the population? This may be a natural question, but no one can deny the fact that even today 75 percent of India's population lives in villages. It influences the density level distribution of population to a great extent in the present scenario. With the current industrialization and industry dominant society, rural people earn their living from farming only. Fertile soil is required for farming. And for this reason, the northern plains of India, the coastal plains and the delta areas of all the rivers present a dense population distribution due to the abundance of fertile and soft soil. On the other hand, in areas like the vast desert areas of Rajasthan, Rann of Kutch in Gujarat and Tarai parts of Uttarakhand. The density and distribution of population in any area is influenced by more than one physical and geographical factors. The old people have said that man is made of clay and returns to the dust. Minerals like iron, copper, aluminum, bronze, kerosene oil, gold and silver come from soil. Even the surface of the sea is made of soil and so are the bottom of the mountains. It is true that the world is made of clay. The foundation of everything is laid in the soil. Whatever is produced in the soil gets mixed in the soil.(4)

**(B) Social factors:**

Economic factors, like socio-economic factors also have interrelationship between the change in cultural scenario and population growth, but there may not be complete uniformity regarding the relative importance of these two factors. In some places, physical factors are more effective, (5) while in some places social and economic factors play a more important role. Various socio-economic factors which bring about variations in the settlement of population are as follows.

Social Aspect: We know that the group in which we live is called society. Every society has its own customs and traditions which every person has to follow from the social point of view. Human is such a creature of this society who has to do the right work for his society with love and harmony amongst caste and religious groups

which is considered the best aspect of society. It is also said in Muslim society that man is made of clay and even after going to the grave, he joins the clay. The same thing happens in Christianity that after death, the person is buried in the soil and, in Hindu society, when the person who dies is burnt he also turns into ashes and mixed into the soil.

**(C) Socio-cultural and political factors:**Big Industries, Big Malls, increasing markets and Industrial complex presents a beautiful example. It shows how a combination of social, cultural, historical and political factors have led to the rapid growth of population and density of this complex. The presented research paper aims to analyze the geographical location of Kanth Tehsil. Its purpose is to show population, social work, cultural activities and literacy. The relationship between cultural landscape change and population growth in tehsil kanth has been shown in the presented research paper.

**Literacy:** It is necessary to be literate and literacy is an important means of becoming powerful. The more literate the population is, the more people can participate in the knowledge-based economy. In addition, literacy increases health awareness among people and increases participation of community members in cultural and economic welfare activities. Talking about the present time, two-thirds of our population is now literate, yet the literacy rate is struggling to keep up with India's population growth rate as our population growth rate still remains quite high.(5)

**Conclusion:** In conclusion, it has been found that all the approaches of population geography study are not competitive with each other but are complementary. A systematic approach involving traditional analysis techniques is helpful in clarifying the regional pattern of various characteristics of the population. Population migration and growth rate can be divided into different categories. Migration can be divided into permanent or temporary categories. On the basis of the place from where migration occurs and the place to which migration occurs. The migrant population is classified into village to village, rural to city and city to rural areas. Through the presented research paper, the relationship between change in the current cultural scenario and population growth has been presented.

*********

References

1. Ministry of India Population C.D Census 2011, Moradabad District.
2. Clarke, J.I. (1989), 'Population and Disaster', ed- by Nag Basil block well, Oxford Earth Evam Sankhyadhikari.p79
3. Kendrew, W.G., (1941) Climate of the Continents, London,p149
4. Krishnan, M.S (1948), 'Geology of India and Burma', p-511
5. Mamoria, Chaturbhuj (2003), 'Bhartiya Samaj Shastra', Sahitya Bhawan Agra, p-85.
6. Masik Patrika of Moradabad District 2023

## शेखर जोशी की कहानियों में साहित्यिक सामाजिक अनुशीलन

**नवीन नाथ**
शोधार्थी
मो0 8193821884, 9258379184

**शोध सारांश-** साहित्य समाज का दर्पण होता है। समाज के सुख-दुःख और आशा-निराशा सभी क्रिया- कलाप साहित्यकार से सम्बद्ध होते हैं। संपूर्ण समाज का अनुशीलन करना ही साहित्यकार का परम उद्देश्य होता है। इसी क्रम में दिखाई पड़ते हैं-शेखर जोशी। उन्होंने मध्य और निम्न वर्ग की जटिलताओं को अपनी कहानियों का प्रमुख विषय बनाया है। विविध सामाजिक संदर्भो के प्रति उनका गहन संबंध रहा है, जो उनकी कहानियों में विशेष दिखायी देता है।

**मूल शब्द-** युगीन समाज, मध्य तथा निम्नवर्ग, पारिवारिक विघटन, नारी चित्रण, गरीबी, पूंजीवाद एवं वर्ग -संघर्ष, जन-जीवन प्रताड़ित।

कोई भी साहित्यकार अपने युगीन समाज से प्रभावित होकर ही उसके प्रति गहन संवेदना व्यक्त करता है। वह समाज की विभिन्न तत्कालीन परिस्थितियों से होकर गुजरता है। इसी प्रकार शेखर जोशी ने समाज में रहकर गहन लेखनी चलाई है। पहाड़ी जीवन और उसके साथ कठिन परिस्थितियां सदैव ही उनके जन-जीवन को विवश करती रही। पर पहाड़ की कठिन परिस्थितियों के कारण लोग मैदानों को पलायन करते हैं। कहानीकार शेखर जोशी ने पहाड़ी जन-जीवन को कठिनाइयों से देखा हैः ''सच बात तो यह है कि एक अरसे तक सुदर पिछड़े पहाड़ी गांव की सीमित दुनिया में रहने के बाद अचानक ही एक नई और हलचल भरी दुनियां से हमारा साक्षात्कार हो गया था। गांव से निकट पढ़ने लिखने की सुविधा न होने के कारण अधिकांश लड़के कोई न कोई सहारा थामकर शहरों में पढ़ने के लिए जाते थे।''[1]

शेखर जोशी अपनी सामाजिक चेतना की समझ गहन सूझ-बूझ के साथ करते हैं। समाज का निम्न वर्ग भी कहानी का नायक बन जाता है। उन्होंने 'दाज्यू' कहानी में इसका चित्रण बारीकी से पकड़ा हैः ''मदन को जगदीश बाबू के व्यवहार से गहरी चोट लगी। मैनेजर से सिरदर्द का बहाना बनाकर वह घुटनों में सर दे कोठरी में सिसकियां भर-भर रोता रहा। घर गांव से दूर, ऐसी परिस्थिति में मदन का जगदीश बाबू के प्रति आत्मीयता प्रदर्शन स्वाभाविक ही था। इसी कारण आज प्रवासी जीवन में पहली बार उसे लगा जैसे किसी ने ईजा की गोदी से, बाबा की बांहों से, और दीदी के आंचल की छाया से बलपूर्वक खींच लिया हो।''[2]

मध्यवर्ग सामाजिक स्तर पर उसी रूप में प्रस्तुत होता है, जिस रुप में उसकी मानसिकता प्रकट होती है। इसी क्रम में दाज्यू शेखर जोशी की प्रथम कहानियों में से एक है। यह कहानी झठी मर्यादा को परत- दर - परत उघाड़ती है। कहानी की शुरूआत पहाड़ी क्षेत्र के बालक मदन, जो एक होटल में काम करता है, से शुरू होती है। अल्मोड़ा जनपद में जगदीष बाबू से उसका परिचय होता है। जगदीष बाबू के टेबल पर बैठते ही मदन का स्वर सुनायी देता हैः ''दाज्यू जैहिन्द! दाज्यू आज तो बहुत ठण्ड है! दाज्यू क्या यहां भी ह्यू (हिम) पड़ेगा।''[3]

परिवर्तन प्रकृति का नियम है जो हमारे सामजिक ढॉचे में भी बदलाव करते आया है। इन पंक्तियों से स्पष्ट होता है कि ''सुनो बृजलाल, तुम सोचते हो शीशमहल में ही पैदा हुआ था यह तुम्हारी भूल है। मेरा बाप भी तरखान था अपने गांव जवार का माना हुआ तरखान। पचास-पचास कोस दूर से लोग उनसे काम करवाते थे। मेरे माथे का यह निशान देख रहे हो? रंदा लगाते हुए बाल भर चूल रह गई थी। मैं भी कारीगर और कारीगर की कद्र करता हूँ, लेकिन मेरी भी मजबूरियां हैं,

मुझे भी तकादे झेलने पड़ते हैं।''[4]पहाड़ी समाज के अंतर्गत कथाकार शेखर जोशी ने उस दशा का चित्रण भी किया है जो परिवार के भीतर देवरानी-जेठानी की मनोदशा का चित्रण भी करती हैः ''घर का कारोबार देवरानी के हाथों में सौंपकर जेठी बहू भुवन के साथ चल दी। रामदत्त स्टेशन जिन्हें लेने अया था। देवर के घर पहुँचकर जेठी बहू को लगा जैसे देवरानी को भुवन से कहीं ज्यादा स्वयं उसकी प्रतीक्षा रही हो। अपनी इस देवरानी का ऐसा व्यवहार उसके लिए आश्चर्य का कारण बन गया।''[5]

इस प्रकार शेखर जोशी ने परिवार के संबंधों पर भी अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं। शुभ कार्य के अवसर पर शब्दों के पहले और बाद में होने वाले मांगलिक कार्य पर प्रशंसा करते हुए उन्होंने लिखा हैः ''यह एक विचित्र संयोग था कि बरात प्रस्थान के ठीक एक दिन पहले अलग-अलग स्थानों से परिवार और बिरादरी के कई लोग इस शुभ कार्य की शोभा बढ़ाने के लिए आ पहुंचे। शाम को पहुँचने वाली गाड़ी में मेहमानों का एक दल पहुँचा और उसके आगमन की खुशी में हरिप्रिया देवस्थान में जाकर शंखध्वनि करती कि घंटे-घंटे बाद दूसरा दल पहुँच जाता और शंखध्वनि होती, जीवन के पैर धरती पर नहीं टिक रहे थे। वह छल-छलाई आंखों और भरे गले से उनका स्वागत कर रहा था, और बार-बार दोहराया जाता था कि उसे विश्वास था कि वे लोग आएंगे और उसके बेटे की बरात अपने खानदान की मान मर्यादा के अनुकूल ही सजेगी।''[6]

प्रसिद्ध कथाकार शेखर जोशी ने समाज के विभिन्न पहलुओं पर अपनी लेखनी चलाई है। वे विपरीत परिस्थितियों के अंतर्गत नारी के स्वरूप को स्पष्ट करते हैं। लक्ष्य के आत्म संवेदना को, मजबूरियों को कथाकार ने सामने प्रस्तुत किया हैः "मुश्किल पड़ने पर कोई किसी का नहीं होता जी। बाबा की जायदाद पर उनकी आंखे लगी हैं, सोचते हैं। कहीं मैं हक न जमा लूं, मैने साफ-साफ कह दिया, मुझे किसी का कुछ लेना-देना नहीं। जंगलात का लीसा ढो-ढोकर अपनी गुजर बसर कर लूंगी, किसी की आंखों का कांटा बनकर नहीं रहूंगी।''[7]

उत्तराखण्ड हिमालयी राज्य है उसकी मान्यताएं भी प्राचीन हैं। फिर किसी भी क्षेत्र की अर्थव्यवस्था वहाँ की भौगालिक प्राकृतिक साधनों पर निर्भर रहती है। यहाँ का भौगोलिक वातावरण विषम हैं, जहाँ कृषि योग्य भूमि का निरतंर अभाव रहा है। आजीविका के लिए लोग पलायन करते हैं यही कारण है कि ''गांव में धीरे-धीरे पुरानी पीढ़ी के बुजुर्गों में से एक के बाद एक किसी पेड़ के पीले पत्तों की तरह समाप्त होते गए थे। नयी पीढ़ी के लड़के पढ़-लिखकर नौकरी और रोजगार के बहाने एक बार प्रदेश की ओर गए तो अपनी गृहस्थी और बाल बच्चों के साथ वहीं के होकर रह गए।''[8]

सामाजिक -आर्थिक परिस्थितियां किस प्रकार मनुष्य को प्रभावित करती हैं, उसका चित्रण लछमा की दयनीय स्थिति को देखकर हुआ हैः ''ऐसे ही खाने-पीने की तकदीर लेकर पैदा हुआ होता तो मेरे भाग में क्यों पड़ता; दो दिन से घर में तेल नमक नहीं है। आज थोड़े पैसे मिले हैं, आज ले जाएंगी कुछ सौदा।''[9]

इन सब विचारों से ज्ञात होता है कि गरीबी में जीवन बिता रही लछमा का जीवन करूणा भर थाः ''कभी चार पैसे जुड़ जाएं तो गंगनाथ का जागर लगाकर भूल-चूक की माफी मांग लेना। पूरे परिवार वालों को देवी-देवताओं के कोप से बच रहना चाहिए।''[10]

पंजीवादी व्यवस्था ने समाज को दो वर्गो में विभाजित किया- एक पूजीपति, दूसरा श्रमिक। वैसे देखा जाए तो समाज में दुःख दर्द, भ्रष्टाचार को साझा करते हुए उन्होंने लिखा हैः ''जिंदगी की दौड़ में कई उतार-चढ़ाव आए। मेरे जीवन का एक महत्वपूर्ण भाग कारखानों में बीता है, जहां तेल और कालिख से सने कपड़ो में ऐसी स्थितियां छिपी थीं जिन्होंने मेरी जिंदगी को एक नया अर्थ दे दिया। यह मेरा एक नया आत्मिक संचार बन गया।''[11]

शेखर जोशी की कहानियों में मजदूर वर्ग अपने अधिकारों के लिए दिखाई पड़ते हैं। निम्न मजदूर वर्ग अंषिक्षित होता है। वे अपने हित के लिए विकसित नहीं हो पाते हैं। यही कारण है कि मजदूरों का शोषण हर स्तर पर होता हैः ''गेट से बाहर निकलकर उसने अनुभव किया जैसे बंद कोठरी से निकलकर खुली हवा में चला आया हो।''[12]

समाजिक जीवन साहित्य की अमूल्य प्रतिनिधि होती है। शेखर जोशी का संबंध पर्वतीय क्षेत्र से रहा है। पहाड़ी बाटों की झलक उनकी कहानियों में मिलती हैः ''चीड़ की पतली पत्तियों से रास्ता ढ्का हुआ था, असावधानी से चलने पर कभी-कभी पांव फिसल जाते थे। यों उस मौसम में सभी रास्ते की यही दशा रहती है, आते समय गणनाथ की उतराई में भी हमें बहुत संभलकर आना पड़ा था, परंतु इस बार थोड़ा -सा भी पांव फिसलने पर दादा विचित्र स्वर में बड़बड़ा उठते थे।''[13]

गांव में पहाड़ी नारी जीवन का स्वरूप अलग होता है। जंगलों में घास काटना, बेहद पारिश्रमिक कार्य है। आर्थिक चित्रण भी उसका एक हिस्सा है, इसका वर्णन शेखर जोशी ने यूं ही किया हैः ''अब गांव के निकट पहाड़ियों के ऊपर भी धुधलका छाने लगा था। सिर पर लकड़ी का छोटा सा गट्ठर संभाले, कमर में घाघरे की फेंट में दराती खोंसे, लाठी टेकती हुई आमा ने घर के निकट पहूँचकर सरूली चेली! आवाज दी तो रवि की एकाग्रता भंग हुई और उसने अपनी परिस्थिति का एहसास कराने के लिए ही जैसे आमा के सम्मुख आकर राम-राम कहा।''[14]

वस्तुतः शेखर जोशी के जनजीवन में आर्थिक तंगी के चलते, पहाड़ के ऊबड़-खाबड़ रास्तों पर चलना कितना दयनीय होता है, इसका बखूबी चित्रण लेखक ने किया हैः ''तेज हवा चलने लगी थी, वातावरण में चीड के पत्ते की सांय-सांय की अपेक्षा अन्य कोई स्वर नहीं सुनाई दे रहा था, दूर तलहटी में गांव के निकट बांज के पत्ते उलट-उलटकर अपनी सफेद हथेलियां चमका रहे थे।''[15]

**निष्कर्षः** इस प्रकार हम कह सकते हैं कि शेखर जोशी का संबंध विशेषकर हिमालयी राज्य उत्तराखण्ड से रहा है, जो उनकी लेखनी में रची बसी है। अपनी कहानियों के माध्यम से उन्होंने पहाड़ी समाज के जन-जीवन का उथल-पुथल कर दिया है। पहाड़ी आंचल के बिंब-सौंदर्य को सिमोरने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

**********

**संदर्भः-**


1. आदमी डर, रंगरूट, शेखर जोशी पृ0 16, भारतीय ज्ञानपीठ, दिल्ली।
2. मेरा पहाड़, दाज्यू कहानी, शेखर जोशी पृ0 12, रेमाधव पब्लिकेशन्स, गाजियाबाद, 2008
3. वही, पृ0 11
4. डांगरी वाले, शेखर जोशी, पृ0 42, आधार प्रकाशन, हरियाणा, संस्करण 1994
5. वही, पृ0 71-72 भारतीय ज्ञानपीठ, दिल्ली।
6. मेरा पहाड़, शेखर जोशी, पृ0 78
7. वही, पृ0 68
**प्रमुख रचनाओं का विश्लेषण**-भण्डारी की प्रमुख रचनाओं में नारी जीवन का विश्लेषण गहनता से किया जा सकता है। सबसे पहले, 'आपका बंटी'। यह उपन्यास खंडित दाम्पत्य का यथार्थ चित्रण है। नायिका मीरा तलाक के बाद पुत्र बंटी की कस्टडी के लिए संघर्ष करती है। पिता के प्रभाव से बंटी की मानसिक समस्या नारी की मातृत्वीय पीड़ा को उजागर करती है। मीरा की चेतना आर्थिक स्वावलंबन से मजबूत होती है, लेकिन भावनात्मक द्वंद्व उसे तोड़ता है। उपन्यास दर्शाता है कि विवाह नारी के लिए व्यक्तित्व बेचना है, और तलाक मुक्ति का प्रारंभ। मीरा की डायरी के माध्यम से भण्डारी नारी की आंतरिक दुनिया को व्यक्त करती हैं, जो समाज की उदासीनता की आलोचना है।

दूसरी रचना 'महाभोज'। यह राजनीतिक व्यंग्य है, लेकिन नारी दृष्टि से देखें तो बिसेसर की पत्नी की भूमिका केंद्रीय है। वह राजनीतिक साजिशों में फँसकर अपनी पहचान खो देती है, जो पुरुष-प्रधान व्यवस्था में स्त्री की उपेक्षा दर्शाता है। उपन्यास दलित नायक दहिया के माध्यम से नारी की सामाजिक जागृति को जोड़ता है। नायिका की चेतना राजनीतिक भ्रष्टाचार के विरुद्ध विद्रोह है, जो नारी को सामाजिक परिवर्तन का माध्यम बनाती है।'एक इंच मुस्कान' विधवा नारी की कहानी है। नायिका सुधा विधवा होकर समाज की नजरों से जूझती है। उसकी मुस्कान एक इंच की सीमित होती है, जो आंतरिक दमन को प्रतीकित करती है। भण्डारी दिखाती हैं कि विधवा जीवन में कामनाएँ दबी रहती हैं, लेकिन सुधा की चेतना उसे स्वावलंबी बनाती है। उपन्यास सामाजिक पूर्वाग्रहों की आलोचना करता है, जहाँ विधवा पुनर्विवाह अस्वीकार्य है। कहानी 'लड़की' दहेज प्रथा पर प्रहार है। नायिका यशोदा दहेज के कारण विवाह की जंजीरों में बंधी है। पति का पुरुष -प्रधान रवैया और पारिवारिक दबाव उसकी चेतना को जागृत करते हैं। यशोदा का विद्रोह स्त्री चेतना की शुरुआत है, जो आर्थिक निर्भरता से मुक्ति की मांग करता है। 'यही सच है' संग्रह बहुआयामी है। 'उसकी कहानी' में बलात्कार पीड़िता की पुनरुत्थान नारी की ताकत दर्शाता है। 'मछली सिंघाड़ा की कहानी' यौन संबंधों की स्वाभाविकता को सामाजिक अपेक्षाओं से टकराती दिखाती है। संग्रह में नारी की आर्थिक और भावनात्मक संघर्ष प्रमुख हैं। 'घुटन' नारी की आंतरिक पीड़ा का प्रतीक है। नायिका सामाजिक बंधनों से छटपटाती है, जो परंपरा-आधुनिकता के द्वंद्व को उजागर करता है। 'तीन शंकु' में विधवा की पवित्रता पर प्रश्नचिह्न लगता है। 'एक कमजोर लड़की की कहानी' में नायिका लोक लाज और परंपराओं से जूझती है। भण्डारी स्त्री को कमजोर नहीं, बल्कि मजबूत दिखाती हैं। 'एक प्लेट सैलाब' में छोटी घटनाएँ नारी के जीवन को प्रभावित करती हैं। इन रचनाओं से स्पष्ट है कि भण्डारी का साहित्य नारी जीवन को यथार्थपूर्ण बनाता है, जो संघर्ष से सशक्तिकरण तक ले जाता है।

**निष्कर्ष**-मन्नू भण्डारी के साहित्य में नारी जीवन का चित्रण एक क्रांतिकारी दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है, जहाँ नारी केवल पीड़ित नहीं, बल्कि परिवर्तन की प्रेरक शक्ति है। उनके पात्रों के माध्यम से स्पष्ट होता है कि शिक्षा और जागृति नारी को सामाजिक बंधनों से मुक्त कर स्वावलंबी बनाती है, यद्यपि पारिवारिक और सामाजिक द्वंद्व बने रहते हैं। "नारी आंदोलन ने उसे मुख्यधारा में स्थान दिया, लेकिन परिवार और समाज की संरचना में गुंथी हुई नारी को पूर्ण मुक्ति अभी बाकी है।" भण्डारी का लेखन नारी को पुरुष-केंद्रित व्यवस्था से अलग कर अपनी पहचान स्थापित करने की प्रेरणा देता है, जो हिंदी साहित्य में नारीवादी विमर्श को समृद्ध करता है। उनकी रचनाएँ दहेज, बलात्कार, बेरोजगारी जैसी समस्याओं को उठाकर समाज को आईना दिखाती हैं। 'आपका बंटी' से 'महाभोज' तक नारी चेतना का विकास दिखता है, जो आधुनिक भारत की वास्तविकता है। अंततः, यह साहित्य समाज को नारी हक, स्वतंत्रता और समानता की ओर प्रेरित करता है। भण्डारी का योगदान कालजयी है, जो आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेगा।

******

संदर्भ सूची-

1."भण्डारी के कथा साहित्य में नारी - विमर्श", IJESRR, V-4-4-6, https://ijesrr.org/publication/46/IJESRR%20V-4-4-6.pdf
2."मन्नू भंडारी के कथा साहित्य में स्त्री चेतना का विश्लेषण", IRT Shodhsagar, https://irt.shodhsagar.com/index.php/j/article/download/1115/1102/2212
3."मन्नू भण्डारी के कथा साहित्य में नारी जीवन की समस्याएँ", JETIR.org, JETIR1807824, https://www.jetir.org/papers/JETIR1807824.pdf
4."मन्नू भंडारी कृत 'एक प्लेट सैलाब' कहानी संग्रह में चित्रित नारी", IJMRA.us, https://www.ijmra.us/project%20doc/2019/IJRSS_MAY2019/53-hinid%20paper-May19rss-AMIT.pdf
5."मन्नू भंडारी की कहानियों में नारी", Sahityasetu, http://www.sahityasetu.co.in/issue12/niyazpathan.html
6."मन्नू भण्डारी के उपन्यासों में नारी चेतना", Exotic India Art, https://www.exoticindiaart.com/book/details/mannu-bhandari-ke-upanyason-mein-nari-chetna-hbm761/
7."मन्नू भंडारी की कहानियों में स्वावलंबी स्त्री", IJAER.org, https://ijaer.org/admin/uploads/paper/file1/plHKX%2819319%29RMQcBQ6E4OY2L48w==1.pdf
8."Mannu Bhandari turned the eye inwards...", Indian Express, https://indianexpress.com/article/opinion/editorials/mannu-bhandari-hindi-literature-progressive-woman-writers-7626374/
9."A Critique of Mannu Bhandari's Mahabhoj...", University of Sydney, https://openjournals.library.sydney.edu.au/LA/article/view/17069/14650
10."मन्नू भण्डारी के कथा साहित्य में स्त्री चेतना का अध्ययन", IJESRR, https://ijesrr.org/publication/72/1.%20ijesrr%20dec%202020.pdf

# Role of Emotional Intelligence in Student Learning

**Dr. Arun Kumar**
Assistant Professor, Dept. of Education, IGNTU

**Abstract-**Emotional Intelligence (EI) has gained increasing attention in the field of education due to its significant influence on students' academic achievement, social relationships, and psychological well-being. Emotional Intelligence refers to the ability to recognize, understand, manage, and effectively express emotions while also understanding and responding to the emotions of others. In the context of education, emotional intelligence plays an essential role in shaping students' attitudes toward learning, their motivation, interpersonal relationships, and their ability to cope with academic challenges.

Traditional educational systems have often emphasized cognitive intelligence, such as logical reasoning and memory skills, as the primary determinants of academic success. However, contemporary research suggests that emotional and social competencies are equally important in determining students' overall academic performance and personal development. Students with higher levels of emotional intelligence are better equipped to manage stress, remain motivated, collaborate with peers, and maintain positive relationships with teachers and classmates.

This paper explores the concept of emotional intelligence and its relevance in educational settings. It examines the major components of emotional intelligence, analyzes its role in enhancing student learning and academic achievement, and reviews previous research studies related to emotional intelligence in education. The paper also discusses strategies that educators and educational institutions can adopt to promote emotional intelligence among students. The findings suggest that integrating emotional intelligence into educational practices can significantly contribute to improving student learning outcomes and fostering holistic development.

**Keywords:** Emotional Intelligence, Student Learning, Academic Achievement, Social Skills, Educational Psychology.

**Introduction-**Education plays a vital role in shaping the intellectual, emotional, and social development of individuals. Traditionally, academic success has been associated primarily with cognitive abilities such as intelligence quotient (IQ), memory, and analytical reasoning. However, researchers and educators increasingly recognize that cognitive intelligence alone cannot fully explain students' academic success and personal development.

In recent years, the concept of emotional intelligence has emerged as a significant factor influencing learning and academic performance. Emotional intelligence refers to the ability to perceive, understand, regulate, and utilize emotions effectively in daily life. It enables individuals to manage their emotions, respond appropriately to the emotions of others, and maintain positive relationships.

The modern educational environment requires students to cope with various challenges such as academic pressure, social expectations, competition, and personal stress. In such situations, emotional intelligence helps students remain resilient, motivated, and focused on their goals.

The concept of emotional intelligence gained widespread recognition through the work of
**Daniel Goleman**, who argued that emotional competencies such as self-awareness, empathy, and interpersonal skills play a critical role in determining success in life.

In educational settings, emotional intelligence influences how students interact with teachers and peers, manage academic stress, and approach learning tasks. Students with high emotional intelligence tend to demonstrate better self-control, motivation, and problem-solving abilities.

Educational institutions are increasingly recognizing the importance of developing students' emotional and social competencies alongside academic skills. Integrating emotional intelligence into the teaching-learning process can help create a positive classroom environment and improve overall learning outcomes.

Therefore, examining the role of emotional intelligence in student learning is essential for understanding how educational practices can support holistic student development.

**Objectives of the Study**

- The primary objectives of this research paper are:
- To explain the concept and components of emotional intelligence.
- To examine the role of emotional intelligence in student learning.
- To analyze the relationship between emotional intelligence and academic achievement.
- To review previous research related to emotional intelligence in education.
- To suggest strategies for developing emotional intelligence among students.

**Concept and Components of Emotional Intelligence-**
Emotional intelligence is generally defined as the ability

to perceive, understand, manage, and regulate emotions in oneself and others. It involves both emotional awareness and emotional management.

Scholars have identified several key components of emotional intelligence:

**Self-Awareness:** Self-awareness refers to the ability to recognize one's own emotions, strengths, weaknesses, and values. Students who possess self-awareness can understand how their emotions influence their behavior and academic performance.

**Self-Regulation:** Self-regulation involves the ability to control impulsive emotions and manage emotional reactions effectively. Students with strong self-regulation skills can remain calm and focused even in stressful academic situations.

**Motivation:** Motivation refers to the inner drive that encourages individuals to achieve their goals. Emotionally intelligent students often demonstrate persistence, optimism, and commitment to learning tasks.

**Empathy:** Empathy is the ability to understand and share the feelings of others. It helps students develop supportive relationships and encourages cooperation and mutual respect.

**Social Skills:** Social skills involve effective communication, teamwork, and conflict resolution. These skills are essential for collaborative learning and positive classroom interactions.

**Emotional Intelligence and Student Learning:** Emotional intelligence plays a crucial role in influencing various aspects of student learning.

**Academic Motivation:** Students with higher emotional intelligence tend to be more motivated to achieve academic goals. They can maintain focus on learning tasks and demonstrate persistence even when they face challenges.

**Classroom Behavior:** Emotionally intelligent students are better able to regulate their behavior in the classroom. They demonstrate discipline, respect for teachers, and cooperation with peers.

**Problem-Solving and Decision-Making:** Emotional intelligence contributes to improved decision-making and problem-solving abilities. Students who can manage their emotions effectively are better able to approach academic challenges logically and creatively.

**Interpersonal Relationships:** Positive relationships between students and teachers are essential for effective learning. Emotional intelligence helps students communicate effectively and build supportive relationships.

**Stress Management:** Academic pressure and competition often lead to stress among students. Emotional intelligence helps students manage stress, anxiety, and frustration in constructive ways.

**Review of Related Literature**

Several researchers have examined the relationship between emotional intelligence and student learning.

Research by Mayer and Salovey (1997) emphasized that emotional intelligence plays an important role in cognitive development and social adaptation.

Brackett et al. (2011) found that students with higher emotional intelligence tend to achieve better academic results and demonstrate stronger social relationships.

Singh (2006) highlighted the importance of emotional intelligence in promoting students' motivation and psychological well-being.

These studies indicate that emotional intelligence contributes significantly to students' academic success and overall development.

**Methodology**

The present study is **descriptive and analytical in nature**. The research is based on **secondary sources of data**, including:

Educational research journals
Books related to emotional intelligence and education
Academic reports and conference papers
Online academic databases

The collected literature was analyzed to identify the major themes related to emotional intelligence and its influence on student learning.

**Benefits of Emotional Intelligence in Education**

Emotional intelligence offers several advantages in the educational context.

**Improved Academic Performance:** Students with high emotional intelligence often demonstrate better concentration and learning efficiency.

**Enhanced Communication Skills:** Emotionally intelligent students communicate effectively with peers and teachers.

**Positive Classroom Environment:** Emotional intelligence contributes to a supportive and cooperative classroom environment.

**Greater Psychological Well-being:** Students who can manage their emotions effectively experience lower levels of stress and anxiety.

**Development of Leadership Skills:** Emotional intelligence encourages confidence, empathy, and teamwork, which are important leadership qualities.

**Strategies for Developing Emotional Intelligence in Students-**Educational institutions can adopt several strategies to promote emotional intelligence.

Implement social and emotional learning programs.
Encourage group activities and collaborative learning.
Provide counseling and emotional support services.
Incorporate mindfulness and stress-management practices. Train teachers to integrate emotional intelligence into classroom teaching.

**Implications for Educational Practice**

The integration of emotional intelligence into education can have significant implications for teaching and learning. Teachers should create supportive learning environments that encourage students to express their emotions and develop interpersonal skills.

Educational policies should also emphasize the importance of emotional and social development alongside academic achievement.

**Conclusion-**

Emotional intelligence plays a critical role in shaping students' academic performance, social relationships, and emotional well-being. Students who possess strong emotional intelligence are better equipped to cope with academic challenges, maintain motivation, and develop positive relationships with peers and teachers.

Although traditional education systems have focused primarily on cognitive development, it is increasingly recognized that emotional competencies are equally important for holistic development.

Integrating emotional intelligence into educational practices can enhance learning experiences, improve classroom environments, and contribute to the overall success of students. Educational institutions should therefore adopt strategies that promote emotional intelligence as an essential component of student learning.

*********

**References (APA Style)**

1. Brackett, M. A., Rivers, S. E., & Salovey, P. (2011). Emotional intelligence: Implications for personal, social, academic, and workplace success.
2. Mayer, J. D., & Salovey, P. (1997). Emotional development and emotional intelligence.
3. Goleman, D. (1995). *Emotional Intelligence.*
4. Singh, Y. (2006). *Emotional Intelligence in Education.*

# सोशल मीडिया और फेक न्यूज का भारतीय चुनावों पर प्रभाव

**पूरन मल मीना**
(एम.ए., एम.फिल., पीएच.)
एसोसिएट प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष -राजनीति विज्ञान विभाग
राजकीय महाविद्यालय, राजगढ़, अलवर (राज.) पिन कोड नं- 301408 मो.न. 9461669111 Mail id - pmmeena111@gmail.com

**सारांश** - सोशल मीडिया ने भारतीय लोकतंत्र की चुनावी प्रक्रिया को गहराई से प्रभावित किया है। यह प्लेटफॉर्म राजनीतिक दलों को मतदाताओं तक सीधे पहुंचने का अवसर प्रदान करता है, लेकिन साथ ही फेक न्यूज, मिसइनफॉर्मेशन और डीपफेक की समस्या को जन्म देता है। वर्तमान शोध पत्र 2019 और 2024 के लोकसभा चुनावों के संदर्भ में सोशल मीडिया (विशेषकर व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब और एक्स) तथा फेक न्यूज के प्रभाव का विश्लेषण करता है। अध्ययन में पाया गया कि फेक न्यूज मतदाता धारणाओं को प्रभावित करता है, साम्प्रदायिक तनाव बढ़ाता है तथा चुनावी निष्पक्षता को चुनौती देता है। चुनाव आयोग की FACT स्ट्रेटेजी, आईटी रूल्स 2021 तथा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स की स्वैच्छिक कोड ऑफ एथिक्स के बावजूद नियमन की चुनौतियां बनी हुई हैं। शोध में सुझाव दिया गया है कि डिजिटल साक्षरता, सख्त कानूनी ढांचा और त्वरित फैक्ट-चेकिंग तंत्र को मजबूत करने की आवश्यकता है ताकि लोकतंत्र मजबूत हो सके।

**बीज शब्द :** सोशल मीडिया, फेक न्यूज, भारतीय चुनाव, मिसइनफॉर्मेशन, डीपफेक, चुनाव आयोग, आईटी रूल्स, लोकतंत्र

**1. परिचय**-आधुनिक भारतीय राजनीति में सोशल मीडिया एक शक्तिशाली उपकरण बन चुका है। 2014 के बाद से फेसबुक, व्हाट्सएप, ट्विटर (अब एक्स), इंस्टाग्राम और यूट्यूब ने चुनावी अभियानों को पारंपरिक रैलियों से डिजिटल स्क्रीन्स की ओर स्थानांतरित कर दिया है। 2019 के लोकसभा चुनावों को "व्हाट्सएप इलेक्शन" कहा गया, जबकि 2024 के चुनावों में एआई-जनरेटेड डीपफेक और मिसइनफॉर्मेशन की भूमिका और अधिक प्रमुख रही।

भारत में सोशल मीडिया यूजर्स की संख्या 80 करोड़ से अधिक है, जिसमें युवा मतदाताओं की भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय है। राजनीतिक दल इन प्लेटफॉर्म्स का उपयोग लक्षित विज्ञापनों, मेम्स और वायरल कंटेंट के माध्यम से मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए करते हैं। हालांकि, इसी के साथ फेक न्यूज, अफवाहें और हेट स्पीच का प्रसार भी तेजी से बढ़ा है, जो मतदाता व्यवहार, चुनावी निष्पक्षता और सामाजिक सद्भाव को प्रभावित करता है। यह शोध पत्र सोशल मीडिया और फेक न्यूज के भारतीय चुनावों (मुख्यतः 2019 एवं 2024) पर प्रभाव का विश्लेषण करता है। अध्ययन का उद्देश्य है कि इन तत्वों ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया को कैसे मजबूत या कमजोर किया है तथा नियमन की क्या चुनौतियां हैं।

**2. सैद्धांतिक ढांचा और साहित्य समीक्षा**-सोशल मीडिया को लोकतंत्र का विस्तार माना जाता है क्योंकि यह सूचना का लोकतंत्रीकरण करता है। लेकिन "इको चैंबर" और "फिल्टर बबल" की अवधारणा (Sunstein, 2018) बताती है कि यह विभाजन को बढ़ावा देता है। फेक न्यूज की अवधारणा में मिसइनफॉर्मेशन (बिना इरादे की गलत सूचना) और डिसइनफॉर्मेशन (जानबूझकर फैलाई गलत सूचना) शामिल हैं। 2019 के चुनावों में व्हाट्सएप पर फेक न्यूज के प्रसार ने साम्प्रदायिक हिंसा को बढ़ावा दिया। अध्ययनों से पता चला कि राजनीतिक दल हजारों व्हाट्सएप ग्रुप्स के माध्यम से प्रचार करते थे। 2024 में एआई और डीपफेक ने समस्या को और जटिल बना दिया, जहां वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की रिपोर्ट में भारत को मिसइनफॉर्मेशन के सबसे उच्च जोखिम वाले देश के रूप में रैंक किया गया।

CSDS-Lokniti सर्वे (2019 एवं 2024) से पता चलता है कि सोशल मीडिया का उपयोग बढ़ा है, लेकिन इसका मतदाता निर्णय पर प्रभाव अतिरंजित भी हो सकता है। कई अध्ययन फेक न्यूज को मतदाता टर्नआउट कम करने और ध्रुवीकरण बढ़ाने का कारण मानते हैं।

**3. 2019 और 2024 के चुनावों में सोशल मीडिया का उपयोग**

2019 के लोकसभा चुनावों को भारतीय राजनीति के इतिहास में **"सोशल मीडिया इलेक्शन"** के रूप में याद किया जाता है। इस चुनाव में पारंपरिक रैलियों, प्रिंट मीडिया और टीवी विज्ञापनों के साथ-साथ डिजिटल प्लेटफॉर्म्स ने अभियान की रणनीति को पूरी तरह बदल दिया। भाजपा ने फेसबुक, गूगल और व्हाट्सएप का व्यापक उपयोग किया। पार्टी ने फेसबुक और गूगल पर भारी खर्च करते हुए लक्षित विज्ञापनों (targeted advertisements) के माध्यम से मतदाताओं तक पहुंच बनाई। व्हाट्सएप ग्रुप्स को स्थानीय स्तर पर संगठित कर प्रचार सामग्री वायरल की गई। भाजपा ने लगभग 9 लाख **व्हाट्सएप प्रामुख** (WhatsApp Pramukhs) नियुक्त किए, जो स्थानीय स्तर पर ग्रुप्स संचालित कर संदेश पहुंचाते थे। कांग्रेस और अन्य दलों ने भी सोशल मीडिया की उपयोगिता को पहचाना, लेकिन भाजपा की तुलना में उनका डिजिटल अभियान अपेक्षाकृत कम प्रभावी और कम संसाधन -समृद्ध रहा।

2024 के लोकसभा चुनावों तक सोशल मीडिया का उपयोग और अधिक परिपक्व तथा व्यापक हो गया। **लोकनीति-सीएसडीएस** की रिपोर्ट के अनुसार, फेसबुक, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम और यूट्यूब पर दैनिक सक्रिय उपयोगकर्ताओं की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। डिजिटल कैंपेनिंग अब पूर्ण रूप से **डेटा-ड्रिवन** (data-driven) हो चुकी थी। मतदाताओं की जनसांख्यिकी, रुचियों, व्यवहार और भौगोलिक स्थिति के आधार पर **माइक्रो-टार्गेटिंग** (micro-targeting) का उपयोग आम हो गया।

**मेटा प्लेटफॉर्म्स** (फेसबुक और इंस्टाग्राम) पर भाजपा ने 41,127 विज्ञापन अभियान चलाए, जबकि कांग्रेस ने मात्र 1,041 — यानी लगभग **40:1** का अनुपात। गूगल और यूट्यूब पर यह अनुपात **24:1** रहा, जहां भाजपा ने 225,695 अभियान चलाए और कांग्रेस ने 9,251। खर्च के मामले में भी भाजपा का वर्चस्व स्पष्ट था, हालांकि कांग्रेस ने कुछ क्षेत्रों में खर्च बढ़ाने का प्रयास किया। यह आंकड़े दर्शाते हैं कि डिजिटल युद्ध में पूंजी और डेटा की भूमिका निर्णायक हो गई है।

सोशल मीडिया ने चुनावी प्रक्रिया को कई सकारात्मक आयाम दिए। इसने मतदाताओं को राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों की नीतियों, वादों और उपलब्धियों की जानकारी सीधे उपलब्ध कराई। युवा मतदाताओं (विशेषकर 18-29 वर्ष के) में राजनीतिक जागरूकता बढ़ी

और मतदान भागीदारी को प्रोत्साहन मिला। ग्रामीण क्षेत्रों में भी मोबाइल इंटरनेट के विस्तार से सूचना का लोकतंत्रीकरण हुआ। अभियान गीतों, मीम्स, शॉर्ट वीडियोज और इंफ्लुएंसर कंटेंट के माध्यम से संदेश अधिक आकर्षक और पहुंचयोग्य बने।

हालांकि, सोशल मीडिया के नकारात्मक पक्ष भी उभरे। **माइक्रो-टार्गेटिंग** ने मतदाताओं को उनके पूर्वाग्रहों के अनुरूप कंटेंट दिखाकर "इको-चैंबर" (echo chamber) का निर्माण किया, जिससे ध्रुवीकरण बढ़ा। **ट्रोल आर्मी** (troll army) का उपयोग विपक्षी नेताओं, पत्रकारों और आलोचकों को बदनाम करने, अपमानित करने या चुप कराने के लिए किया गया। व्हाट्सएप जैसे एन्क्रिप्टेड प्लेटफॉर्म्स पर अफवाहें और फर्जी खबरें तेजी से फैलीं, जो सामाजिक सद्भाव को प्रभावित करती रहीं। कुछ मामलों में तीसरे पक्ष (third-party advertisers) और प्रभावशाली व्यक्तियों (influencers) के नेटवर्क ने अभियान को और जटिल बना दिया।

कुल मिलाकर, 2019 से 2024 के बीच सोशल मीडिया चुनावी रणनीति का पूरक नहीं, बल्कि केंद्रीय हिस्सा बन गया। यह पारंपरिक दरवाजे-दरवाजे प्रचार (door-to-door campaigning) का पूरक बनकर उभरा, लेकिन साथ ही नई चुनौतियां भी पैदा कर रहा है। भविष्य के चुनावों में डिजिटल अभियानों की भूमिका और अधिक बढ़ने की संभावना है, इसलिए इसके सकारात्मक उपयोग और नकारात्मक प्रभावों दोनों पर नियंत्रण की आवश्यकता है।

**4. फेक न्यूज और मिसइनफॉर्मेशन का प्रभाव**

फेक न्यूज भारतीय चुनावों में एक बड़ी चुनौती है। 2019 में व्हाट्सएप पर हजारों फेक मैसेज वायरल हुए, जिनमें उम्मीदवारों के बारे में झूठी खबरें, फर्जी पोल और साम्प्रदायिक सामग्री शामिल थी। इससे हिंसा की घटनाएं भी हुईं।

2024 में डीपफेक वीडियो और एआई-जनरेटेड कंटेंट ने नई समस्या पैदा की। राजनीतिक दल विरोधियों के फर्जी वीडियो बनाकर प्रसारित करते रहे। अध्ययनों से पता चलता है कि फेक न्यूज मतदाता धारणाओं को प्रभावित करता है, खासकर पहली बार मतदान करने वाले युवाओं में (लगभग 80% प्रभावित)।

फेक न्यूज के प्रभाव:

**मतदाता व्यवहार:** गलत सूचना से उम्मीदवारों के प्रति नकारात्मक धारणा बनती है।

**ध्रुवीकरण:** साम्प्रदायिक और जातीय मुद्दों पर विभाजन बढ़ता है।

**चुनावी निष्पक्षता:** फर्जी पोल और अफवाहें मतदाता विश्वास को कम करती हैं।

**हिंसा:** कई मामलों में व्हाट्सएप रूमर्स ने लिंचिंग जैसी घटनाओं को जन्म दिया।

चुनाव आयोग ने "FACT" स्ट्रेटेजी (Fight Against Fake News) अपनाई, जिसमें मॉनिटरिंग, रिस्पॉन्स और फैक्ट-चेकिंग शामिल है।

**5. नियमन और चुनौतियां**

चुनाव आयोग ने सोशल मीडिया गाइडलाइंस जारी कीं, जिसमें राजनीतिक विज्ञापनों की पूर्व प्रमाणीकरण, मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट का ऑनलाइन पालन और रिपोर्टिंग शामिल है। आईटी रूल्स 2021 (संशोधित) में सोशल मीडिया इंटरमीडियरीज को ग्रievance ऑफिसर नियुक्त करना, 36 घंटे में कंटेंट हटाना और ट्रेसेबिलिटी अनिवार्य है।

हालांकि चुनौतियां बनी हुई हैं:

एन्क्रिप्टेड प्लेटफॉर्म्स (व्हाट्सएप) पर ट्रैकिंग कठिन।

एआई और डीपफेक की तेज गति।

प्लेटफॉर्म्स की स्वैच्छिक सहमति सीमित प्रभाव वाली।

सफ्री स्पीच और सेंसरशिप के बीच संतुलन। सुप्रीम कोर्ट और सरकार के बीच आईटी रूल्स पर बहस जारी है, जहां फेक न्यूज की परिभाषा और फैक्ट-चेक यूनिट पर सवाल उठे हैं।

**निष्कर्ष-**

सोशल मीडिया ने भारतीय चुनावों को अधिक समावेशी और गतिशील बनाया है, लेकिन फेक न्यूज ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया को जोखिम में डाला है। 2019 से 2024 तक समस्या की प्रकृति विकसित हुई है – साधारण अफवाहों से एआई-जनरेटेड डीपफेक तक।

लोकतंत्र को मजबूत रखने के लिए आवश्यक है:

डिजिटल साक्षरता कार्यक्रमों का विस्तार।

मजबूत फैक्ट-चेकिंग तंत्र और त्वरित प्रतिक्रिया।

आईटी रूल्स और चुनाव आयोग गाइडलाइंस का सख्त कार्यान्वयन।

राजनीतिक दलों द्वारा नैतिक डिजिटल कैंपेनिंग।

यदि समय रहते इन चुनौतियों का समाधान नहीं किया गया तो फेक न्यूज लोकतंत्र की नींव को कमजोर कर सकता है। भविष्य के चुनावों में डिजिटल नैतिकता और जागरूक मतदाता ही समाधान हो सकते हैं।

******

संदर्भ –

1. CSDS-Lokniti रिपोर्ट्स, चुनाव आयोग दस्तावेज,
2. Boell Foundation अध्ययन,
3. Reuters Institute रिपोर्ट,
4. The Hindu, BBC आदि के लेख तथा संबंधित अकादमिक पेपर्स।)

शोध उत्कर्ष Shodh Utkarsh Online Available at https:// www.shodhutkarsh.com ISSN-2993-4648
वर्ष - 02 अंक– 06 अप्रैल- जून - 2024 Impact factor– 3

# बालश्रम अवधारणा: एवं मानव अधिकार संरक्षण

**अनिल कुमार शर्मा**
सह आचार्य- राजनीति विज्ञान
राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ अलवर (राजस्थान)
**पूरन मल मीना**
(एम.ए., एम.फिल.)
एसोसिएट प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष- राजनीति विज्ञान विभाग
राजकीय महाविद्यालय, राजगढ़, अलवर (राज.) पिन कोड नं- 301408
मो.न. 9461669111 Mail id - pmmeena111@gmail.com

**सारांश-**
बालश्रम मानवाधिकारों के उल्लंघन की एक ज्वलंत समस्या है, जो विश्व भर में बच्चों के शारीरिक, मानसिक और नैतिक विकास को प्रभावित करती है। प्रस्तुत शोध आलेख बालश्रम की अवधारणा, उसके ऐतिहासिक उद्भव, कारणों, दुष्परिणामों तथा मानवाधिकारों के सैद्धांतिक एवं ऐतिहासिक संदर्भ में विश्लेषण प्रस्तुत करता है। लेख में बालश्रम को गरीबी, सामाजिक विषमता और शोषण की उपज बताया गया है, जिसमें बच्चे 14 वर्ष से कम आयु में श्रमिक बनकर शिक्षा और बाल्यावस्था से वंचित हो जाते हैं।
मानवाधिकारों की अवधारणा को उपयोगितावादी, आदर्शवादी, ऐतिहासिक और समाज कल्याणकारी सिद्धांतों के माध्यम से समझाया गया है। लेख बाल अधिकार आयोग और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की भूमिका पर भी प्रकाश डालता है तथा सुझाव देता है कि बालश्रम उन्मूलन के लिए शिक्षा, आर्थिक सशक्तिकरण और सख्त कानूनी कार्योन्वयन आवश्यक है। यह आलेख 2021 से पहले के संदर्भों पर आधारित है और नीति-निर्माताओं, विद्वानों तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं के लिए उपयोगी है। बालश्रम मुक्त समाज ही सच्चे लोकतंत्र और मानव विकास की नींव हो सकता है।
**बीज शब्द-** बालश्रम, मानवाधिकार, बाल अधिकार, बाल अधिकार आयोग, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, उपयोगितावादी सिद्धांत, आदर्शवादी सिद्धांत, गरीबी एवं शोषण, शिक्षा का अधिकार, सामाजिक न्याय।

**परिचय-** मानवाधिकार के संबंध में समूचे विश्व पर दृष्टिपात करने से यह तथ्य स्पष्ट होता है कि समसामयिक काल में मानवाधिकारों के हनन की प्रतिक्रिया स्वरूप ही समाज में मानवाधिकार संरक्षण की चेतना का उदय हुआ। वर्तमान में मानवाधिकार हनन की विकट समस्या ने मानवाधिकारों को अध्ययन एवं अनुसंधान का प्रमुख विषय बना दिया है। प्रस्तुत शोध आलेख बालश्रमिकों के मानवाधिकारों पर गंभीर चिंतन प्रस्तुत करता है। बालश्रमिक एवं मानवाधिकारों की अवधारणा समाज के संवेदनशील पहलू से गहराई से जुड़ी हुई है, क्योंकि बालश्रम की समस्या मानवाधिकार उल्लंघन की समस्या है। मानव ने अपने बौद्धिक, आध्यात्मिक, आर्थिक एवं सामाजिक विकास के लिए ऐसे जीवन की कल्पना की है जिसमें वह भय, दबाव एवं शोषण से मुक्त होकर सम्मानजनक जीवन व्यतीत कर सके। इसी उद्देश्य की प्राप्ति के लिए समाज और राज्य का गठन किया गया। मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। समाज में रहकर वह अपने व्यक्तित्व का विकास करना चाहता है, जो तभी संभव है जब उसे अपनी अंतर्निहित शक्तियों के विकास का उचित अवसर मिले। यदि ऐसा नहीं होता तो उसका व्यक्तित्व कुंठित हो जाता है, बहुमुखी विकास रुक जाता है, प्रकृति से प्राप्त क्षमताएं अविकसित रह जाती हैं और जीवन व्यर्थ-सा हो जाता है। प्रसिद्ध दार्शनिक ग्रीन ने कहा है कि मानव चेतना अपने विकास हेतु स्वतंत्रता चाहती है, स्वतंत्रता अधिकारों में निहित है और अधिकार राज्य की मांग करते हैं। अतः राज्य का अस्तित्व मुख्यतः नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए है।

**बालश्रम की अवधारणा-**बालश्रम अवधारणा से कई प्रश्न हमारे सामने आते हैं – बालश्रम क्या है? यह कब और कैसे अस्तित्व में आया? इसके कारण और दुष्परिणाम क्या हैं? जब सामाजिक सुविधाओं से वंचित बच्चे 14 वर्ष या उससे कम आयु में श्रम करने लगते हैं तो वे बालश्रमिक कहलाते हैं। जेम्स वाट के वाष्पाचालित यंत्र और कातने की मशीनों ने 1760-1840 के बीच औद्योगिक क्रांति की शुरुआत की। इसके बाद 19वीं शताब्दी के मध्य में जूट, कपड़ा मिलों और खदानों में बच्चों के काम करने से बालश्रम का बीजारोपण हुआ।
भारत में बालश्रम दो रूपों में दिखाई देता है – एक, अभिभावकों को सहयोग देने के लिए बच्चों द्वारा किया गया काम; दूसरा, परिवार की आय बढ़ाने के लिए किया गया काम। इसमें कोई संदेह नहीं कि बालश्रमिक समाज के सबसे गरीब, अभावग्रस्त और असहाय वर्ग से आते हैं। बालश्रम और गरीबी का घनिष्ठ संबंध है। गरीब परिवार में बच्चे अतिरिक्त आय का स्रोत माने जाते हैं। वे या तो घरेलू काम में सहयोग करते हैं या होटल-गैरेज आदि स्थानों पर काम करके परिवार की आय बढ़ाते हैं। बालश्रम आज भारत ही नहीं, समूचे विश्व की ज्वलंत समस्या है। बालश्रमिक हमारी सामाजिक व्यवस्था की शोषणवादी मानसिकता का जीवंत रूप हैं, जो आर्थिक प्रगति में गर्व अनुभव करती है किंतु गरीबों और मजदूरों के शोषण से तनिक भी विचलित नहीं होती। यह संवेदनहीनता ही अन्यायपूर्ण परिस्थितियों को जन्म देती है।

**मानव का इतिहास एवं मानवाधिकार-**मानव का इतिहास इस बात का साक्षी है कि प्रत्येक समाज में व्यक्ति की गरिमा और व्यक्ति-समाज संबंधों को परिभाषित करने का प्रयास किया गया है। सामाजिक नैतिकता, व्यक्तिगत मूल्य, पदक्रम, जन्म, लिंग आदि इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं। मानवाधिकार की अवधारणा कभी-कभी निजी अधिकारों पर बल देकर समाज के साथ अंतर्विरोध पैदा करती है। किंतु मानवाधिकार प्रवर्तकों की धारणा है कि ये अधिकार अन्तर्निहित, अपृथक और वैश्विक हैं। सरल शब्दों में, कुछ मूलभूत अधिकार जन्मजात हैं, जिन्हें मनुष्य से अलग नहीं किया जा सकता। मानवाधिकार एक जटिल अवधारणा है। यह 'दो तरफा' प्रक्रिया है – राज्य नागरिकों के अधिकारों की रक्षा का दायित्व लेता है और नागरिक राज्य से इनकी मांग करते हैं। राज्य का सर्वोच्च लक्ष्य व्यक्ति के व्यक्तित्व का पूर्ण विकास है। उपयोगितावादी विचारक बेंथम के कई विचार 19वीं सदी के उदारवादी चिंतन के केंद्र रहे। इनमें प्रेस की स्वतंत्रता, संगठन की आजादी, व्यापार की स्वतंत्रता, आवागमन की स्वतंत्रता, कानून का

शासन, जनमत में आस्था और निर्दलीय शासन से मुक्ति जैसे मुद्दे शामिल थे। ये सभी बेंथम के मानवाधिकार दृष्टिकोण को स्पष्ट करते हैं। जॉन स्टुअर्ट मिल प्रारंभ में व्यक्तिवादी अधिकारों के समर्थक थे, किंतु 1860 के बाद उन्होंने समाजवादी भावना अपनाई। उन्होंने स्त्री अधिकार, संपत्ति पर कर, प्राकृतिक संसाधनों पर राज्य नियंत्रण और श्रमिकों के काम के घंटे निश्चित करने जैसे विचारों का समर्थन किया। इसी क्रम में हारोल्ड लास्की, टी. एच. ग्रीन और जॉन रॉल्स जैसे विचारकों ने मानवाधिकारों को आगे बढ़ाया। लास्की ने काम का अधिकार, उचित वेतन, शिक्षा, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और न्यायिक सुरक्षा पर बल दिया। ग्रीन ने व्यक्ति की गरिमा, स्वतंत्रता, राज्य विरोध का अधिकार और विश्व शांति का समर्थन किया। रॉल्स के न्याय सिद्धांत के अनुसार सामाजिक व आर्थिक असमानताएं सबसे कमजोर वर्ग के अधिकतम लाभ के लिए होनी चाहिए।

उदारवाद ने जीवन, संपत्ति, सुरक्षा, स्वतंत्रता, धर्म और अभिव्यक्ति जैसे मूलभूत अधिकारों को मजबूत किया। हालांकि, पूंजीवाद और साम्राज्यवाद में दोहरे मापदंड की समस्या रही है। मार्क्सवाद में भी सैद्धांतिक रूप से अधिकारों की बात है, किंतु व्यवहार में उल्लंघन हुआ। संक्षेप में, मानव जीवन के समग्र विकास के लिए अधिकारों की सुरक्षा अनिवार्य है। व्यक्तिगत और सामाजिक अधिकारों में समन्वय ही सच्चा कल्याण सुनिश्चित कर सकता है।

मानवाधिकार के संबंध में संपूर्ण विश्व पर दृष्टिपात इस तथ्य को रेखांकित करता है कि समसामयिक समय में मानवाधिकारों के प्रवर्तन की दिशा में मानवाधिकारों के हनन की प्रतिक्रिया स्वरूप ही समाज में मानवाधिकार संरक्षण की दिशा में चेतना का प्रादुर्भाव हुआ। वर्तमान में मानवाधिकार हनन की विकट समस्या ने ही मानवाधिकारों को अध्ययन एवं अनुसंधान के एक प्रमुख विषय के रूप में स्थापित किया है। प्रस्तुत शोध आलेख बालश्रमिकों के मानवाधिकारों पर गंभीर चिंतन प्रस्तुत करता है। बालश्रमिक एवं मानवाधिकारों की अवधारणा समाज के संवेदनशील पहलू से व्यापक रूप से जुड़ी हुई है, क्योंकि बालश्रम की समस्या मानवाधिकार के उल्लंघन की समस्या है। मानव ने अपने बौद्धिक, आध्यात्मिक, आर्थिक एवं सामाजिक विकास के लिए ऐसे जीवन की कल्पना की जिसमें वह भय, दबाव एवं शोषण से मुक्त तथा सम्मानजनक जीवन का निर्वाह कर सके। इसी उद्देश्य की प्राप्ति के लिए समाज व राज्य का गठन किया गया।

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। समाज में रहकर वह अपने व्यक्तित्व का विकास करना चाहता है, जो तभी संभव है जब व्यक्ति को अपनी अन्तर्निहित शक्तियों के विकास का उचित अवसर मिले। ऐसा नहीं होने पर उसका व्यक्तित्व कुंठित हो जाता है, जिससे उसका बहुमुखी विकास नहीं हो पाता तथा प्रकृति से प्राप्त क्षमताएं अविकसित रह जाती हैं और उसका जीवन व्यर्थ सा हो जाता है। प्रसिद्ध दार्शनिक ग्रीन ने इसलिए कहा है कि मानव चेतना अपने विकास हेतु स्वतंत्रता चाहती है, स्वतंत्रता अधिकारों में निहित है और अधिकार राज्य की मांग करते हैं। अतः यह कहा जा सकता है कि राज्य का अस्तित्व भी नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए है।जब मानवाधिकारों की संकल्पनात्मक ढांचे की बात की जाती है तो उसमें अनेक अधिकार शामिल हैं, जो मनुष्य को जन्म से प्राप्त होने चाहिए। ये सभी अधिकार बालकों को भी समान रूप से मिलने चाहिए, क्योंकि वे भी मानव हैं। आज बालश्रमिक इन अधिकारों से वंचित हैं, इसलिए उनके लिए मानवाधिकारों की प्राप्ति स्वयं एक मानवाधिकार बन गई है। बालश्रमिक विभिन्न क्षेत्रों में अमानवीय परिस्थितियों से गुजर रहे हैं।बालक मानव जीवन की नींव है। किसी भी राष्ट्र की भावी स्थिति का अनुमान उसके बच्चों को देखकर लगाया जा सकता है। वे ही देश के भविष्य के कर्णधार और भाग्य-विधाता हैं। मेमी जेने कोल की पंक्तियां याद दिलाती हैं कि "मैं बच्चा हूँ, सारी दुनिया मेरे आने की प्रतीक्षा करती है।" बालक राष्ट्र की बहुमूल्य धरोहर और सम्पदा हैं। उनका समग्र विकास राष्ट्र की उन्नति का पैमाना है। यदि बाल समाज अनुशासित, स्वस्थ, शिक्षित और कौशलयुक्त है तो राष्ट्र का भविष्य उज्ज्वल होगा। इसके विपरीत, यदि यह वर्ग उपेक्षित रहा तो राष्ट्र पतनोन्मुख हो जाएगा। बालश्रम समस्या विश्वस्तर पर ज्वलंत है। यह गरीबी, शोषण और सामाजिक विषमता की उपज है। मानव सभ्यता के विकास के साथ यह समस्या जटिल होती गई है। विकासशील देशों में यह और भी विकराल रूप धारण कर चुकी है। बालश्रम उन्मूलन राष्ट्र की प्राथमिकता होनी चाहिए, क्योंकि बच्चों के समग्र विकास में ही समाज और राष्ट्र का विकास निहित है।

बालश्रम अवधारणा से कुछ प्राकल्पनाएं हमारे सम्मुख आती हैं, जैसे— बालश्रम क्या है? यह कब और कैसे अस्तित्व में आया? इसके कारण एवं दुष्परिणाम क्या हैं? जब सामाजिक सुविधाओं से वंचित बच्चे 14 वर्ष या उससे कम आयु में ही श्रम करने लगते हैं तो वे बालश्रमिक कहलाते हैं। जेम्स वाट के वाष्पाचालित यंत्र और कातने की मशीनों ने सन् 1760-1840 में औद्योगिक क्रांति की शुरुआत की। तत्पश्चात 19वीं शताब्दी के मध्य में जूट, कपड़ा मिल एवं खदानों में बच्चों के काम करने से बालश्रम का बीजारोपण हुआ। हमारे देश में बालश्रम दो रूपों में देखने को मिलता है – अभिभावकों को सहयोग देने के लिए बच्चों द्वारा काम करना तथा परिवार की आय बढ़ाने के लिए बच्चों द्वारा काम करना। इसमें कोई दो राय नहीं है कि बालश्रमिक समाज के बेहद गरीब, अभावग्रस्त और बेबस वर्ग से आते हैं। बालश्रम और गरीबी में घनिष्ठ संबंध है। एक गरीब व्यक्ति के लिए उसके बच्चे सम्पत्ति के रूप में होते हैं और बच्चे परिवार की अतिरिक्त आय के स्रोत माने जाते हैं। बच्चे या तो काम में सहयोग कर परिवार को राहत देते हैं या होटलों-गैरागों आदि जगहों पर नियोजित होकर पारिवारिक आय को बढ़ाते हैं।

बालश्रम आज न केवल भारत अपितु विश्व की ज्वलंत समस्याओं में से एक है। बालश्रमिक हमारी सामाजिक व्यवस्था की उस नकारात्मक व शोषणवादी मानसिकता का ही मूर्त रूप हैं, जो आर्थिक प्रगति में गौरवान्वित महसूस करती है, किन्तु उनकी आत्मा गरीबों व मजदूरों के शोषण एवं अन्याय से तनिक भी द्रवित नहीं होती। यह संवेदनहीनता ही अन्यायपूर्ण व शोषणकारी अवस्थाओं को उत्पन्न करने का कारण है। मानव का इतिहास इस बात का उदाहरण है कि प्रत्येक मानव समाज में व्यक्ति की गरिमा तथा व्यक्ति एवं समाज के मध्य संबंधों को परिभाषित करने का सक्रिय प्रयास किया गया है। सामाजिक नैतिकता, व्यक्तिगत मूल्य, सामाजिक पदक्रम, जन्म, लिंग, शासकीय या दैवीय शक्तियां इन मूल्यों के निर्धारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रही हैं।

इस प्रसंग में मानवाधिकार की अवधारणा, जो कभी-कभी निजी अधिकारों पर बल देती है, समाज के साथ अन्तर्विरोध पैदा करती है। लेकिन इस संदर्भ में जैसा कि मानवाधिकारों के प्रवर्तकों की धारणा है कि मानवाधिकार स्वयं में अन्तर्निहित, अपृथक्करणीय एवं वैश्विक हैं। सरल भाषा में कहें तो कुछ मूलभूत मानवाधिकार हैं, जिन्हें व्यक्ति या समाज से अलग नहीं किया जा सकता। अर्थात् ये अधिकार जन्मजात हैं, इन्हें मानव से अलग नहीं किया जा सकता तथा अपने प्राकृतिक स्वभाव में 'वैश्विक' हैं क्योंकि समस्त मानव समाज के लिए अनिवार्य हैं। मानवाधिकार एक जटिल अवधारणा है। इसकी विषय-वस्तु पर कोई सर्वमान्य विचार नहीं है। यह एक 'दो तरफा' क्रिया है। राज्य द्वारा उसके नागरिकों के लिए प्रतिबद्धता है, जिसके अनुसार राज्य सभी

नागरिकों के मानवाधिकारों की रक्षा को सुनिश्चित करने की व्यवस्था करेगा। दूसरी तरफ, नागरिक भी अपने मानवाधिकारों की मांग राज्य से कर सकते हैं। राज्य का सर्वोच्च लक्ष्य व्यक्ति के व्यक्तित्व का पूर्ण विकास करना है। इस प्रकार राज्य द्वारा व्यक्ति को प्रदान की जाने वाली इन बाहरी सुविधाओं का नाम ही 'अधिकार' है।

अतः सामाजिक जीवन की ऐसी दशाएं, जिसमें मानव को अपने व्यक्तित्व का चतुर्मुखी विकास करने हेतु समान व उपयुक्त परिस्थितियां और संरक्षण प्राप्त हों, उन्हें मानवाधिकार कहा जा सकता है। मानवाधिकार प्रारंभिक मानवीय आवश्यकताओं पर आधारित हैं, जिसमें मुख्य है जीवन। चूंकि मानव इस पृथ्वी पर उपलब्ध सभी जीवधारियों में श्रेष्ठ, बुद्धिमान व विवेकशील है, अतः चाहे वह किसी भी वंश, जाति, प्रजाति, भाषा, धर्म, लिंग व राष्ट्र का हो, अपने जीवन की सुरक्षा व सम्मानजनक जीवन जीने तथा समुचित विकास का अधिकार मिलना ही चाहिए।

वर्तमान में मानवाधिकारों पर अत्यधिक बल दिया जा रहा है। आधुनिक युग संविधानवाद और प्रजातंत्र का युग है तथा प्रत्येक प्रगतिशील राज्य अपने नागरिकों को कुछ न कुछ अधिकार अवश्य प्रदान करता है, जिनका उपयोग वे वैधानिक सीमाओं में रहकर करते हैं। अधिकारों का महत्व उनके पूर्ण उपभोग में है। मानवाधिकार नैतिक और वैध हो सकते हैं।

**निष्कर्ष**- बालश्रम मानवाधिकारों के उल्लंघन की जड़ है, जो बच्चों के समग्र विकास को बाधित करता है। उपयोगितावादी, आदर्शवादी, ऐतिहासिक और समाज कल्याणकारी सिद्धांतों से स्पष्ट है कि अधिकार व्यक्ति और समाज दोनों के कल्याण के लिए हैं। बाल अधिकार आयोग और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग जैसी संस्थाओं को सशक्त बनाकर, शिक्षा को अनिवार्य एवं गुणवत्तापूर्ण बनाकर तथा आर्थिक असमानता को दूर करके ही हम बालश्रम मुक्त समाज का निर्माण कर सकते हैं। यह न केवल बच्चों का अधिकार है, बल्कि राष्ट्र का नैतिक दायित्व भी है। यदि हम बालश्रम को समाप्त नहीं करते, तो भावी पीढ़ी कुंठित और शोषित रहेगी। बालश्रम उन्मूलन से ही सच्चा सामाजिक न्याय और लोकतंत्र मजबूत होगा। गांधीजी की नाई तालीम और स्वदेशी की भावना को अपनाकर हम इस दिशा में ठोस कदम उठा सकते हैं।

*****************

**संदर्भ सूची** :-

1.श्रुति शर्मा, भारत और मानवाधिकार, बासुकीनाथ द्वारा सम्पादित पुस्तक भारतीय शासन और राजनीति, ओरियंट ब्लैकस्वान पब्लिशर्स, नई दिल्ली, 2011
2.जे. सी. जौहरी आधुनिक राजनीतिक विज्ञान के सिद्धांत-स्टारलिंग पब्लिशर्स प्रा. लि. नई दिल्ली, 2010
3.सुभाष शर्मा, भारत में मानवाधिकार, नेशनल बुक ट्रस्ट इंडिया, नई दिल्ली, 2009
4.मनोज कुमार दशोरा, बाल श्रमिक समस्या एवं समाधान, हिमांशु पब्लिकेशंस, जयपुर, 2006
अरुण कुमार दीक्षित, बाल अधिकार, बाल श्रम, योजना, नई दिल्ली 2008
6.सुभाष शर्मा, भारत में मानवाधिकार, नेशनल बुक ट्रस्ट इंडिया, नई दिल्ली, 2006
रवि प्रकाश यादव, बाल श्रम समस्या एवं समाधान,आविस्कार पब्लिशर्स, जयपुर, 2008

शोध उत्कर्ष Shodh Utkarsh (RESEARCH ARETE JOURNAL)

Dedicated for Research
Shodh Utkarsh



https://shodhutkarsh.com